जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 46 संख्याः 254 प्रभात बीकानेर, सोमवार 7 अप्रैल, 2025 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रू.



*रामनवमी के पावन पर्व पर अद्वितीय घटना के रुप में, रविवार सुबह 11:58 बजे दिव्य सूर्यप्रकाश ने रामलला के माथे को धीरे-धीरे स्पर्श किया, जिससे सूर्य अभिषेक अनुष्ठान की शुरुआत हुई। यह मनमोहक दृश्य चार मिनटों तक चला। यह भगवान राम के भक्तों के लिए एक असाधारण क्षण था। इस अलौकिक क्षण में भगवान के प्राकट्य की आरती हुई। काउन्सिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट रुड़की के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक के अनुसार, तिलक का निर्धारित आकार 58 मिमी है। उन्होंने बताया कि माथे के केन्द्र पर तिलक की सटीक अवधि लगभग तीन से डेड़ मिनट थी, जिसमें दो मिनट तक पूरी रोशनी रही। सूर्य तिलक की तैयारियों के लिए इसरो व सी.बी.आर.आई. के वैज्ञानिकों की टीम ने अयोध्या में डेरा डाल रखा था। रविवार की शाम सरयू तट पर दो लाख दीपों की अद्भुत छटा भी देखने को मिली।*

# अयोध्या में रामलला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## दिन में 12 बजे वैज्ञानिकों ने भगवान सूर्य की किरणों से तिलक रामलला का अभिषेक कराया

अयोध्या, 6 अप्रैल। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का जन्मोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया।

"भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी। हरषित महतारी, मुनि मनहारी अद्भुत रूप विचारी।" चौपाई के साथ राम मंदिर में श्रीरामलला का प्रतीकात्मक रूप से जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ठीक बारह बजे दोपहर रामलला को दूध से स्नान कराने के बाद वस्त्र पहनाए गए।

वैज्ञानिकों द्वारा भगवान सूर्य की किरणों से रामलला का तिलक, अभिषेक कराया गया। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया। भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर लगभग चार मिनट तक तिलक किया।

- रामनवमी मेले को दस सैक्टरों में बांटा गया। पूरी रामजन्म भूमि में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। जिनकी तैयारी एक सप्ताह से चल रही थी।
- श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व्यास द्वारा बड़ी संख्या में एलईडी स्क्रीन लगाई गईं, जिन पर श्री रामलला का जन्मोत्सव सीधे दिखाया गया। रामलला को 56 प्रकार के भोग भी अर्पित किये गये।

रामलला के जन्म पर अयोध्या के मंदिरों में बधाई व सोहर गीत शुरू हो गये। जगह-जगह पटाखे चलने लगे। घंटे, घड़ियालों व शंख की करतल ध्वनि के बीच श्रीरामलला प्रकट हुए। उसके बाद पूरा वातावरण भगवान श्रीराम के नाम से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर बधाई, सोहर गीत, प्रसाद वितरण आदि का सिलसिला जारी रहा। रामजन्म के लिए पूरी अयोध्या नगरी दुल्हन की तरह सजायी गयी है। किन्नर समुदाय के लोग मठ-मंदिरों में जाकर महंतों से नेग, न्यौछावर मांग रहे हैं।

जिलाधिकारी चन्द्रविजय सिंह ने बताया कि रामलला के जन्मोत्सव अर्थात् रामनवमी मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने रामलला के जन्मोत्सव के साथ-साथ विभिन्न मंदिरों में जाकर दर्शन-पूजन किया। श्रीरामजन्मभूमि क्षेत्र में भी व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जन्मोत्सव की तैयारियां विगत एक सप्ताह से युद्ध स्तर पर चल रही थीं। इस अवसर पर पंजीरी, कुट्टू व सिंघाड़े का आटा व रामदाना का भोग लगाया गया था जो श्रद्धालुओं में बांटा गया।

उन्होंने बताया कि जन्मभूमि में दर्शनार्थियों सहित सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के मंदिर के अलावा छोटे-बड़े करीब 121 मंदिरों में शहर एवं नगर निगम क्षेत्र परिधि के बाहर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट न्यास द्वारा काफी मात्रा में एलईडी स्क्रीन लगायी गयीं जिनमें रामलला का जन्मोत्सव सीधे दिखाया गया।

# चीन ने अमेरिका की नई मनमानी "टैरिफ" नीति के खिलाफ डब्ल्यु.टी.ओ. में ऑफिशियल शिकायत दर्ज कराई

## हालांकि, यह सभी जानते हैं कि वर्तमान परिस्थितियों में डब्ल्यु.टी.ओ. (वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइज़ेशन) में शिकायत दर्ज कराना बेमायने प्रसंग है, पर, फिर चीन इस रास्ते पर क्यों आगे बढ़ा है?

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 अप्रेल। वॉशिंगटन की व्यापार नीति को साहसिक चुनौती देते हुए चीन ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइज़ेशन (डब्ल्यू.टी.ओ.) का रूख किया है और उस बहुपक्षीय सिस्टम के अधिकारों का हवाला दिया है, जिसे पुराना मानकर खारिज कर दिया गया था। बीज़िंग की शिकायत, जिसकी पुष्टि इसके वाणिज्य मंत्रालय ने की है, अमेरिका के "रैसिप्रोकल टैरिफ" नीति के ऐसे उपयोग को दर्शाती है, जिसने न केवल चीन के बल्कि अन्य देशों के अमेरिका निर्यात को बाधित किया है। यह कदम एक सोचा समझा निर्णय है, जो दर्शाता है कि चीन न केवल कूटनीति से बल्कि कानूनन भी अमेरिका के साथ मुकाबले के लिए तैयार है।

इस नए विवाद के मूल में एक ही प्रश्न है कि अगर डब्ल्यू.टी.ओ. ने चीन के पक्ष में फैसला दिया तो क्या होगा? क्या अमेरिका इसे मानेगा।

औपचारिकरूप से, वॉशिंगटन के खिलाफ निर्णय चीन को डब्ल्यु.टी.ओ. द्वारा अनुमानित क्षति के बराबर मुआवजे की मांग करने का या प्रतिशोधी टैरिफ लागू करने का अधिकार देगा। लेकिन प्रवर्तन की प्रक्रिया अब पहले जैसी सरल नहीं रही। दिसंबर 2019 से डब्ल्यू.टी.ओ. अपेलैट बॉडी, जो

- अगर डब्ल्यु.टी.ओ. किसी शिकायत को सही स्वीकार करते हुए अपना निर्णय सुना भी देता है तो आगे कुछ और कार्यवाही नहीं कर सकता, क्योंकि, डब्ल्यु.टी.ओ. की अपीलेट संस्था, जो आर्थिक दण्ड, मुआवज़ा आदि के निर्णय को फाइनल करती है, पालना करवाती है, कई वर्षों से निष्क्रीय पड़ी है, क्योंकि अमेरिका नये जज की नियुक्ति नहीं होने दे रहा।
- अतः किसी भी देश की जायज़ शिकायत भी प्रशासनिक कुएं में जाकर जलमग्न हो जाती है।
- चीन का शायद मानना है कि आज की जटिल वाणिज्य व व्यापारिक परिस्थिति में, एक तटस्थ व मजबूत संस्था की जरूरत सभी महसूस कर रहे हैं। अतः डब्ल्यु.टी.ओ. का पुर्नगठन तो होना ही है।
- चीन द्वारा डब्ल्यु.टी.ओ. में दर्ज शिकायत ने इतना तो कर ही दिया कि चीन को आर्थिक रूप से उभरते देशों की सहानुभूति तो मिल गई है और इन देशों में चीन की साख जमी है।
- यह दोनों बातें, डब्ल्यु.टी.ओ. के पुर्नगठन में, या इसकी जगह कोई नई संस्था बनाते समय, चीन की भूमिका को और असरदार बना देंगी।

व्यापार विवादों में अंतिम निर्णायक होता है, लगभग पंगु सी है क्योंकि अमेरिका द्वारा नए न्यायाधीशों की नियुक्ति को अवरूद्ध किया गया है। वॉशिंगटन लंबे समय से चिंता व्यक्त कर रहा है कि यह निकाय अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर आदेश देता है, नियमों की अत्यधिक व्याख्या करता है और राष्ट्रीय संप्रभुता को कमज़ोर करता है।

इस संस्थागत गतिरोध ने एक प्रक्रिया संबंधी स्वामी उत्पन्न की है, जिसे "शून्य में अपील" के रूप में जाना जाता है। डब्ल्यू.टी.ओ. प्रणाली में, हारने वाली पार्टी पैनल के निर्णय के खिलाफ अपील कर सकती है। लेकिन चूँकि अपीलीय निकाय में कोई न्यायाधीश नहीं हैं, इसलिए ऐसी कोई भी अपील कानूनी शून्य में गायब हो जाती है, जिससे मामला अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो जाता है और निर्णय लागू नहीं किया जा सकता।

परिणामस्वरूप विवाद स्थायी और अनसुलझा रह जाता है।

कई देशों, जिसमें अमेरिका भी शामिल है, ने पहले ही इस रणनीति का उपयोग किया है। एक हालिया उदाहरण भारत के आई.सी.टी. मामले (डीएस584) का है वर्ष 2019 में, यूरोपीय संघ, जापान और ताइवान ने भारत के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उत्पादों, जैसे मोबाइल फोन और उनके घटकों पर टैरिफ लगाने को चुनौती दी। इन देशों ने तर्क दिया कि भारत के टैरिफ डब्ल्यू.टी.ओ. के सूचना प्रौद्योगिकी समझौते के तहत उसकी प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करते हैं, जो सूचीबद्ध उत्पादों पर ज़ीरो शुल्क लगाने का आदेश देता है। भारत ने जवाब दिया कि कुछ वस्तुएं या तो नई थीं या समझौते के तहत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी सोमवार को बेगूसराय जायेंगे

नयी दिल्ली, 06 अप्रैल। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह सोमवार को बिहार के बेगूसराय में युवाओं से मिलेंगे और पलायन तथा बेरोजगारी के विरुद्ध उनके संघर्ष में

- वे पयालन व बेरोज़गारी के खिलाफ युवाओं के आंदोलन में भाग लेंगे।

शामिल होंगे। उन्होंने युवाओं का आव्हान किया है कि वे बेगूसराय में हो रहे इस आंदोलन में सफेद टी-शर्ट पहनकर शामिल हों और सरकार पर, पलायन रोकने और उन्हें नौकरी देने की अपनी मांगों के लिए दबाव बनाएं।

गांधी ने कहा, "बिहार के युवा साथियों, मैं सात अप्रैल को बेगूसराय आ रहा हूं, "पलायन रोको, नौकरी दो" यात्रा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुख्यमंत्री विश्व स्वास्थ्य दिवस पर "निरामय राजस्थान" का शुभारम्भ करेंगे

## इस अभियान में ईट राइट, मिशन लिवर, स्माइल आदि कार्यक्रम शुरु होंगे

जयपुर, 6 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार (7 अप्रेल) को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर (आरआईसी) में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में निरामय राजस्थान अभियान सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ईट राइट राजस्थान अभियान, मिशन मधुहारी, मिशन लीवर स्माइल अभियान एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना का भी शुभारंभ करेंगे।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस अवसर पर 26 करोड़ रूपये की लागत के, स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे।

इसके साथ ही आयुष्मान योजना का मोबाइल ऐप व आयुष पैकेज, एआई आधारित एकीकृत मॉनिटरिंग सिस्टम, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, 29 स्तनपान प्रबंधन इकाइयों (एलएमयू) व 50 चिकित्सा संस्थानों में हीमोडायलिसिस वार्ड का भी शुभारंभ किया जाएगा।

शर्मा इस अवसर पर 26 करोड़ की लागत की स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे, जिसमें मेडिकल कॉलेज, जोधपुर के नेशनल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट स्किल सेंटर, जेके लॉन अस्पताल, मेडिकल कॉलेज जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सलैंस फॉर मेडिकल जेनेटिक्स, महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट, जयपुर में गर्ल्स हॉस्टल तथा रिप्रोडेक्टिव मेडिसिन व सर्जरी विभाग का लोकार्पण शामिल है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री 22

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका ने दक्षिण सूडान के सारे वीज़ा रद्द किये

वाशिंगटन, 6 अप्रैल। अमेरिका ने दक्षिण सूडानी पासपोर्ट धारकों के सभी वीज़ा रद्द कर दिये हैं तथा नए वीज़ा जारी करने पर रोक लगा दी है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्क रुबियो ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई दक्षिण सूडान की संक्रमणकालीन सरकार द्वारा अपने निर्वासित नागरिकों की वापसी को समय पर स्वीकार करने में विफल रहने के बाद की गई है।

उन्होंने कहा कि जब दक्षिण सूडान पूर्ण सहयोग देगा

- अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि यह कार्यवाही दक्षिण सूडान द्वारा निर्वासित नागरिकों की वापसी स्वीकार नहीं करने के कारण की गई।

तो उनका देश इन कार्यों की समीक्षा करने के लिए तैयार होगा।

यह पहली बार है जब अमेरिका ने किसी विशिष्ट देश के सभी पासपोर्ट धारकों के लिए वीज़ा प्रतिबंध लगाया है। डॉनल्ड ट्रम्प के जनवरी 20 को पदभार संभालने के बाद से अब तक का पहला ऐसा मामला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने कार्यकाल में कई कड़े फैसले लिए हैं, जिनमें इमिग्रेशन नीति में बदलाव और अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर सैन्य तैनाती शामिल है।

# मोदी ने भारत के पहले सी-लिफ्ट ब्रिज "पंबन पुल" का उद्घाटन किया

## रामेश्वरम द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला यह पुल परिवहन व सांस्कृतिक प्रतीक बनेगा

रामेश्वरम, 6 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रामनवमी के पावन अवसर पर तमिलनाडु में रामेश्वरम द्वीप और मुख्य भूमि को जोड़ने वाले नवनिर्मित पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया।

मोदी ने रामेश्वरम और तांबरम के बीच एक नयी ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई और विभिन्न नयी परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसके अलावा मोदी ने जब तटरक्षक जहाज को भी हरी झंडी दिखाई, तो पुल का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन ऊपर उठ गया।

इस ऐतिहासिक क्षण में प्रधानमंत्री ने पंबन से ही पुल के वर्टिकल लिफ्ट मैकेनिज़्म को रिमोट से संचालित किया।

यह पुर देश में अपनी तरह का पहला पुल है। रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला पंबन

- पंबन ब्रिज के अलावा, प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में कई परिवर्तनकारी सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया।

ब्रिज न केवल परिवहन को बढ़ावा देगा, बल्कि भारतीय इंजीनियरिंग के चमत्कार को वैश्विक मंच पर पहुंचायेगा। इसके साथ ही यह एक महत्वपूर्ण परिवहन लिंक और सांस्कृतिक प्रतीक दोनों के रूप में कार्य करेगा। रामायण के अनुसार, भगवान राम ने रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से श्रीलंका तक एक पुल का निर्माण शुरू किया था। पुराना पंबन पुल कभी पंबन द्वीप की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता था।

अब, उन्नत तकनीक के साथ नया पंबन ब्रिज अधिक सुविधा और समृद्ध आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगा। पांच सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित, यह भारत का पहला वर्टिकल सी-लिफ्ट ब्रिज है। दो दशमलव किलोमीटर तक फैले इस पुल में 99 स्पैन और 72.5 मीटर लंबा वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे 17 मीटर तक उठाया जा सकता है, जिससे बड़े जहाजों का सुगम मार्ग तथा निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित होता है। नए पंबन ब्रिज के उद्घाटन के हिस्से के रूप में प्रधानमंत्री ने रामेश्वरम-तांबरम एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई, जिससे पवित्र शहर रामेश्वरम और चेन्नई के तांबरम के बीच रेल संपर्क बढ़ेगा।

नए पंबन ब्रिज के अलावा, प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में कई परिवर्तनकारी सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

ज्ञातव्य है कि दक्षिण रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने 27 दिसंबर, 2024 को बताया था कि यह पंबन ब्रिज संचालन के लिए 100 प्रतिशत तैयार है। उन्होंने चेन्नई से आए मीडिया दल के एक समूह को वर्टिकल लिफ्ट स्पैन को भी दिखाया था। इस दौरान मीडियाकर्मियों को मंडपम रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों को भी दिखाया था। जंग के संकेतों सहित सभी मुद्दों को संबोधित करने के बाद नए पंबन ब्रिज को पहले रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) की मंज़ूरी मिल गई थी।

उन्होंने बताया था कि पुराने पुल की तरह, नया पुल भी 100 साल तक टिकेगा और इस पर 75 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार से ट्रेनें चलेंगी।

# किसान नेता डल्लेवाल ने 131 दिन बाद अनशन समाप्त किया

चंडीगढ़, 6 अप्रैल। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिन चले अपने अनशन को रविवार को समाप्त कर दिया।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) नेता डल्लेवाल ने फतेहगढ़ साहिब में आयोजित किसान पंचायत में किसानों के अनुरोध पर अपना अनशन समाप्त करते समय आरोप लगाया कि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनसे वादा किया था कि उनकी मांगों का हल निकाला जाएगा और अनुरोध किया था कि अनशन समाप्त करें। पर उन्होंने अपना वादा नहीं निभाया और किसानों का

- डल्लेवाल ने कहा, आंदोलन जारी रहेगा तथा 4 मई की बैठक में मांगें नहीं मानी गईं तो बड़े पैमाने पर आंदोलन होगा।

भरोसा तोड़ दिया।

डल्लेवाल ने कहा कि सरकार ने एक तरफ तो उन्हें वार्ता के लिए बुलाया, दूसरी तरफ किसान नेताओं को हिरासत में लेकर आंदोलन स्थलों को खाली कराकर आंदोलन को कुचलने की कोशिश की। उन्होंने कहा, चार मई की बैठक में किसानों की मांगें नहीं मानी गईं तो और बड़े पैमाने पर आंदोलन होगा।

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने ( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**अहम् की मृत्यु द्वारा आत्मा का वर्जन करते-करते अपने रुपातित स्वरुप को आत्मा प्रकाशित करता है। –टैगोर**

# .......पराया माल अपना

साहित्यिक हलकों में कभी-कभार इस तरह की अप्रिय चर्चाएं सर उठा लेती हैं कि अमुक ने अमुक की रचना अपने नाम से छपवा ली। यदा-कदा इस तरह की अवांछित हरकतों का एक थोड़ा परिष्कृत रूप भी सामने आता है जहां चोरी तो होती है मगर कौशल और नफ़ासत के साथ। कभी कोई किसी रचना का कुछ अंश अपनी रचना में चिपका देता है तो कभी कोई चरित्रों के नाम या घटना स्थल बदल कर पराया माल अपना कर लेता है। और ऐसा केवल साहित्यिक हलकों में ही होता हो ऐसी बात भी नहीं है। कलाओं की दुनिया में, बल्कि समग्र बौद्धिक संपदा की दुनिया में इस तरह की अनैतिक गतिविधियां होती रहती हैं। बॉलीवुड में बहुत सारे संगीतकारों की कुख्याति इसी वजह से है, बहुत सारी फ़िल्में फ्रेम-दर-फ्रेम अन्यत्र से उठाई गई हैं और इस सबका मुलायम वर्शन वह है जहां अमुक से प्रेरित कहकर यही काम कर लिया जाता है। पेंटिंग्स की दुनिया में, डिज़ाइन की दुनिया में, फ़ैशन की दुनिया में – कहां ऐसा नहीं होता है। बड़े और महंगे ब्रांड्स और डिज़ाइनरों के बहुत महंगे नकली उत्पाद धड़ल्ले से बेचे जाते हैं। चोरी का ही एक और रूप है मिलते-जुलते नामों से अपना माल बेचने का प्रयास करना। याद किया जा सकता है कि किसी लोकप्रिय बोतलबंद पानी की बोतल के लेबल से एकदम मिलते जुलते डिज़ाइन वाला लेबल लगाकर, ब्रांड के नाम में मात्र एक अक्षर का हेरफेर करके ग्राहक की आंखों में धूल झोंकी जाती है। ऐसा ही लोकप्रिय बिस्किट्स एवं अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के मामले में भी होता है। यह करके ग्राहक को तो ठगा ही जाता है, इन उत्पादों के मूल निर्माताओं को भी हानि पहुंचाई जाती है। यह चोरी का एक और रूप है। हमारे पाठकों को याद होगा कि कई दशक पहले दिल्ली में एक कैसेट कम्पनी ने बड़ी और नामी कम्पनियों के महंगे कैसेट्स के मुकाबले में अपने सस्ते कैसेट बाज़ार में उतार कर तहलका मचा दिया था। मुख्यतः बॉलीवुड के गानों के इन कैसेट्स में धुन और संगीत लगभग वही होता था लेकिन गायक मूल गायक की आवाज़ का भ्रम देने वाला कोई अन्य होता था। बाद में इन नकलची गायकों ने भी अपनी जगह बना ली, और वह कैसेट कंपनी तो एक साम्राज्य में ही तब्दील हो गई।

अकादमिक दुनिया में तो यह चोरी हाल के वर्षों में अधिक ही चलन में आई है। जबसे पदोन्नित के लिए प्रकाशित कार्य की महत्ता बढ़ी है, पदोन्नति के आकांक्षी "विद्वज्जन दूसरों के काम को अपने नाम से प्रकाशित करवाने का शॉर्ट कट कुछ ज़्यादा ही अपनाने लगे हैं। शोध प्रबंधों में नकल की यह प्रवृत्ति इतनी ज़्यादा बढ़ गई है कि अनेक विश्वविद्यालय तो इस चोरी को पकड़ने के लिए सॉफ्टवेयर तक इस्तेमाल करने लगे हैं। और जब बात सॉफ्टवेयर की चली है तो यह भी ज़िक्र अप्रासंगिक नहीं होगा कि भारत दुनिया के उन देशों में प्रमुख है जहां सॉफ्टवेयर की पायरेसी बहुत अधिक चलन में है। ऐसा करने वालों का तर्क प्रायः यह होता है कि क्या करें, ओरिजिनल सॉफ्टवेयर बहुत महंगे होते हैं।" वैसे इस तर्क में कोई दम नहीं है। कोई चीज़ महंगी है इसका मतलब यह कैसे हो गया कि आप उसकी चोरी कर लें! लेकिन फिर भी इस तरह की चोरी का तर्क समझ में आता है। कृपया समझ को सहमति का पर्याय न मान लें।

लेखन की दुनिया में चोरी के जो बहुत सारे मामले प्रकाश में आते हैं, उनमें से कुछ तो ऐसे होते हैं जिनमें बेवजह या बावजह बात का बतंगड़ बनाया जाता है। ख़ुद को प्रकाश में लाने के लिए या सामने वाले को ब्लैकमेल करने के लिए भी ऐसे आरोप लगाए जाते हैं। बहुत बार साम्य आकस्मिक भी होता है, और अनेकानेक कारणों से इसे नकल या चोरी के खाते में डाल दिया जाता है। बहुत बार ऐसा भी होता है कि किसी की महत्वाकांक्षा ज़ोर मारती है कि मुझे लेखक के रूप में प्रतिष्ठित होना चाहिए, जबकि उसमें ऐसी कोई दक्षता नहीं होती है। तब वह, अगर समर्थ हो तो घोस्ट राइटिंग का सहारा लेता है और अगर समर्थ न हो तो सीधे नकल करके अपनी हवस पूरी करता है। ऐसों में भी जो समझदार होते हैं वे किसी कम ज्ञात लेखक की रचना की नकल करते हैं। जो घोर अज्ञानी होते हैं वे दिनकर, बच्चन की नकल करते हैं और फिर उपहास के पात्र बनते हैं।

> **यह जो मनोरोगी है इसका जैसे ख़ुद पर भी वश नहीं होता है। वही, लागी नाहीं छूटे रामा वाला मामला है। जैसे ही किसी अन्य का लिखा कुछ अच्छा देखा, उसे अपने नाम से छपवाने का मन हो जाता है। भले ही बाद में ऐसा करने पर कुछ पछतावा भी होता हो। क्या पता होता है या नहीं होता है! लेकिन ऐसा करके नुकसान तो हो ही जाता है। आपकी विश्वसनीयता ख़त्म हो जाती है और आप दूसरों की निगाहों में संदिग्ध बन जाते हैं।**

यह समय कथेतर का है। लोग कहानी उपन्यास की बजाय गद्य की विविध विधाओं में लिख रहे हैं। कोई यात्रा वृत्तांत लिख रहा है तो कोई संस्मरण लिख रहा है। इनका लिखा लेखक बनने के आकांक्षी लोगों को बहुत आकर्षित करता है। और शायद इनके लिखे से भी ज़्यादा आकर्षित वे वैचारिक लेख करते हैं जो प्रायः समसामयिक विषयों पर समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ लिखे जाते हैं। उस्ताद लोग उन लेखों को सीधे कॉपी करते हैं और पेस्ट करके उस पर अपना नाम चिपका देते हैं। अब इतना ज़्यादा लिखा जा रहा है कि किसी भी संपादक के लिए यह सम्भव नहीं है कि वह प्राप्त हर रचना की मौलिकता की सही परख करे। काम के दबाव में वह जाने-पहचाने नाम से आई रचना को तो तुरंत स्वीकार कर ही लेता है।

मुझे आश्चर्य इस बात पर होता है कि जो लोग दस-बीस साल से लिख रहे हैं, छप रहे हैं और जिनके खाते में अनेक सम्मान व पुरस्कार भी हैं वे किस मोह में इस तरह की चोरी करते हैं? क्या इसलिए कि वे बिना लिखे अपनी प्रकाशित रचनाओं की संख्या बढ़ाना चाहते हैं? क्या उन्हें पारिश्रमिक की अल्प राशि का मोह होता है? सच तो यह है कि हिंदी में ज़्यादातर प्रकाशन कोई पारिश्रमिक देते ही नहीं हैं। ऐसी स्थिति में उनका यह कृत्य मेरी तो समझ से परे है। पता नहीं उन्हें यह बात मालूम है या नहीं कि ऐसा करके वे ख़ुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारते हैं। मान लीजिए, ऐसे किसी लेखक की पहले कुछ किताबें छपी हैं। जब उनकी इस चोरी का पता चलता है तो क्या आपको भी यह संदेह नहीं होता है कि पहले जो किताबें छपी हैं वे भी ऐसे ही चोरी करके तैयार की गई होंगी। बस, हमें ही पता नहीं चला। और इस तरह उनका मौलिक काम भी संदेह के घेरे में आ जाता है। यह कोई अच्छी स्थिति नहीं है।

कभी-कभी मुझे लगता है कि ऐसा करने वाले लोग अपराधी न होकर बीमार होते हैं। वे एक मनोरोग, जिसे क्लिप्टोमैनिया कहा जाता है, के शिकार होते हैं। एक परिभाषा के अनुसार, क्लिप्टोमैनिया (Kleptomania) एक मानसिक स्वास्थ्य विकार है, जिसमें व्यक्ति को बार-बार चोरी करने की अनियंत्रित इच्छा होती है, भले ही उसकी उस चीज की कोई जरूरत न हो या उसका कोई आर्थिक मूल्य न हो। यह एक आवेग नियंत्रण विकार (Impulse Control Disorder) की श्रेणी में आता है।" यहां हम भी यही पाते हैं कि दूसरे का लिखा अपने नाम से छपवाने की प्रवृत्ति के मूल में किसी लाभ की आकांक्षा नहीं है और न ऐसे किसी लाभ की सम्भावना है। लेकिन यह जो मनोरोगी है इसका जैसे ख़ुद पर भी वश नहीं होता है। वही, लागी नाहीं छूटे रामा वाला मामला है। जैसे ही किसी अन्य का लिखा कुछ अच्छा देखा, उसे अपने नाम से छपवाने का मन हो जाता है। भले ही बाद में ऐसा करने पर कुछ पछतावा भी होता हो। क्या पता होता है या नहीं होता है! लेकिन ऐसा करके नुकसान तो हो ही जाता है। आपकी विश्वसनीयता ख़त्म हो जाती है और आप दूसरों की निगाहों में संदिग्ध बन जाते हैं।

ऐसी स्थितियों में बहुत सारे लोग यह कहते हैं कि अगर किसी को किसी के ऐसे चौर्य कर्म का पता चले तो उसे खुलकर नाम लेना चाहिए, और अगर नाम लेने का साहस न हो तो फिर इस मुद्दे को उठाना भी नहीं चाहिए। नाम न लेने के पीछे मुख्यतः व्यक्तिगत संबंधों की बात होती है। लेकिन इस संकोच का जवाब मुंशी प्रेमचंद अपनी कहानी 'पंच परमेश्वर' में दे चुके हैं। वहां खाला अलगू चौधरी से कहती है: "क्या बिगाड़ के डर से ईमान की बात न कहोगे?" लेकिन मुझे लगता है कि यहां बात केवल बिगाड़ के डर की नहीं है। बात यह भी है कि अगर किसी ने किसी भी वजह से इस तरह का ग़लत काम किया है तो उसे बदनामी की इतनी बड़ी सज़ा देने से पहले सुधरने का मौका भी दिया जाना चाहिए। बग़ैर नाम लिए बात करके यही प्रयास किया जाता है। समझने वाला तो समझ ही जाता है।

आपको क्या लगता है? क्या सीधे-सीधे नाम ले लिया जाना चाहिए? या फिर सुधरने का मौका दिया जाना चाहिए!

पुनश्च: यह संपादकीय लिख चुकने वाले दिन और इसे 'राष्ट्रदूत' को भेजने वाली सुबह के बीच की रात एक सपना आया। सपना यह कि मेरे इस आलेख को ऐसे ही किसी कॉपी पेस्ट वीर ने अपने नाम से छपवा लिया है!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# क्या संकेत दे रहे योगी आदित्यनाथ?



**विनोद पाठक**

भाजपा समर्थक अक्सर यह नारा देते हैं कि मोदी के बाद योगी। नरेंद्र मोदी के बाद योगी आदित्यनाथ को देश के अगले प्रधानमंत्री के रूप में एक बड़ा वर्ग प्रोजेक्ट करता आ रहा है। पिछले 8 साल से योगी आदित्यनाथ आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की कमान संभाल रहे हैं। कानून-व्यवस्था के साथ विकास के एक नए मॉडल के रूप में उन्होंने उत्तर प्रदेश को पेश किया है, लेकिन अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने पर एक साक्षात्कार में योगी आदित्यनाथ ने यह कहते हुए सबको चौंका दिया कि राजनीति उनके लिए महज एक कोई फुल टाइम जॉब नहीं है, असल में वह एक योगी हैं, जब तक वह यहां हैं, काम कर रहे हैं। आखिर इस बयान के पीछे योगी आदित्यनाथ की क्या मंशा हो सकती है? यह सत्य है कि वह गोरखनाथ मठ के गोरक्षपीठाधीश्वर हैं और अक्सर लखनऊ छोड़कर गोरखपुर में अपने मठ चले जाते हैं। यह सिलसिला उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद भी जारी है। उनका यह बयान क्या उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देख रहे समर्थकों के लिए एक झटका है या भारतीय जनता पार्टी के अंदर चल रही अंदरूनी खींचतान या वो संघ और पार्टी को कोई संकेत दे रहे हैं?

वर्तमान में योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व का बड़ा चेहरा है। फायर ब्रांड नेता हैं। देशभर में भाजपा उन्हें प्रचार के लिए भेजती है और उनकी सबसे अधिक डिमांड रहती है। अपने सख्त प्रशासनिक कौशल को लेकर उनकी एक बड़ी फैन फॉलोइंग है। यही कारण है कि वह उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार बहुमत की सरकार चला रहे हैं। वह जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं, लेकिन क्या ऊपर से जो दिख रहा है, वो उतना सरल है? शायद नहीं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव पर यदि नजर दौड़ाएं तो उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा धक्का लगा था। यह माना गया कि योगी आदित्यनाथ के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए पार्टी के भीतर ही राजनीतिक खेल चले और प्रदेश में पार्टी की सीटें सिमट कर रह गईं। योगी आदित्यनाथ के सुझाए नेताओं को टिकट नहीं मिला।

योगी आदित्यनाथ का एक लंबा राजनीतिक करियर है। वर्ष 1998 में महज 26 साल की उम्र में वह गोरखपुर से सांसद चुनकर लोकसभा में पहुंचे थे। उन्होंने लगातार पांच लोकसभा चुनावों में गोरखपुर से जीत हासिल की। सांसद रहते हुए भी वह सदन के अंदर या बाहर सक्रिय रहते थे। उनका अंदाज आज भी नहीं बदला है। पूर्वांचल में वह माफिया से शुरुआत से लोहा लेते रहे। यही कारण रहा कि बड़ी फैन फॉलोइंग उन्होंने न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि दुनिया भर में खड़ी की है। इन सबके बीच एक बड़ा वर्ग योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री के रूप में प्रोजेक्ट कर आगे बढ़ा रहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि योगी आदित्यनाथ को लेकर भारतीय जनता पार्टी का रुख क्या है?

वर्ष 2017 में जब उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव हो रहे थे तो प्रचार में सबसे बड़ी भूमिका योगी आदित्यनाथ ने निभाई थी। हालांकि, उस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने किसी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बनाया था। जब बहुमत मिला तो कई नाम चर्चाओं में चल रहे थे, लेकिन अंततः पार्टी ने योगी आदित्यनाथ पर भरोसा जताया। वो उस भरोसे पर खरा उतरे हैं। प्रदेश में सबसे बड़ी चुनौती कानून व्यवस्था की थी, जिसे बहुत जल्द योगी आदित्यनाथ पटरी पर ले आए। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी योगी आदित्यनाथ ने सही ट्रैक पर लाने का काम किया है। आज उत्तर प्रदेश एक बीमारू राज्य न होकर सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

पिछले दिनों प्रयागराज में सफल महाकुंभ मेले के आयोजन बाद योगी आदित्यनाथ की फैन फॉलोइंग और बढ़ गई है। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने की बात कह रहे हैं। अपराध मुक्त और समृद्ध उत्तर प्रदेश का सपना दिखाकर योगी आदित्यनाथ दिल्ली की कुर्सी पर नजर रखते हैं, ऐसा उनके विरोधी भी मानते हैं। वर्ष 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव में एक साक्षात्कार में कहा था कि यदि योगी आदित्यनाथ दोबारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनते हैं तो वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे।

अब राजनीति को फुल टाइम जॉब न बताकर योगी आदित्यनाथ ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। उनके आलोचक कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ की रुचि लखनऊ से अधिक गोरखपुर के गोरखनाथ मठ में रहती है। क्या यह माना जाए कि योगी आदित्यनाथ कोई संकेत दे रहे हैं? क्या उत्तर प्रदेश या कहें कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में कुछ उथल-पुथल चल रही है, जो बाहर से नहीं दिख रही है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर में संघ मुख्यालय गए थे। वहां क्या चर्चा हुई?

यह स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन योगी आदित्यनाथ का यह बयान उसके बाद ही आया है। संघ की तरफ से अभी कोई स्पष्ट संकेत नहीं है कि नरेंद्र मोदी के बाद संघ किस राजनेता को आगे बढ़ाने की सोच रहा है। हालांकि, योगी आदित्यनाथ संघ के हर पैमाने पर फिट बैठते हैं। उन्हें राजनीति का लंबा अनुभव है। शासन चलाने का कौशल वह जानते हैं। हिंदुत्व का बड़ा चेहरा हैं। क्या यह मान लिया जाए कि योगी आदित्यनाथ ने यह जो बयान दिया है, वो महज अकस्मात है। वह केवल यह बता रहे हैं कि जब तक उन्हें दायित्व मिलता रहेगा, वह राजनीति करते रहेंगे।

फिलहाल उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ को विपक्ष की ओर से कोई बहुत बड़ी चुनौती मिलती नहीं दिख रही है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और योगी आदित्यनाथ तीसरी बार फिर विपक्ष से दो-दो हाथ करते हुए नजर आने वाले हैं। आज की तारीख में वह बेहद मजबूत स्थिति में नजर आते हैं। स्पष्ट है कि योगी आदित्यनाथ राजनीति को भले फुल टाइम जॉब न कहें, लेकिन उन्होंने पार्टी और संघ को इशारों में कुछ संकेत जरूर दिया है।

**–विनोद पाठक**

# महिलाओं तक सशक्त स्वास्थ्य की कुंजी पहुंचाने का प्रयास है "शक्ति वंदन"

## सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता के साथ ही टीकाकरण से महिलाओं की भावी पीढ़ी सुरक्षित रहेगी



**डॉ. सौम्या गुर्जर**

विश्व स्वास्थ्य दिवस की इस वर्ष की थीम है, स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ ने मां एवं नवजात के स्वास्थ्य के लिए जागरूकता के साथ ही महिलाओं के दीर्घावधि स्वास्थ्य एवं उनके सुरक्षित जीवन इस वर्ष जागरूकता विषय चुना है। महिला सशक्तिकरण पर चर्चा अक्सर शिक्षा, रोजगार, और अधिकारों तक सीमित रह जाती है, परंतु स्वास्थ्य, जो सशक्तिकरण की सबसे बुनियादी और गहन आवश्यकता है, कई बार उपेक्षित रह जाता है। इस वर्ष डब्ल्यूएचओ महिलाओं के स्वास्थ्य को केन्द्र में रख रहा है। मातृत्व संबंधी स्वास्थ्य कठिनाईयों के साथ ही महिलाएं इन दिनों एक और बड़ी स्वास्थ्य संबंधि चुनौती से जूझ रही हैं। और वह है सर्वाइकल कैंसर अर्थात् गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर।

जयपुर में जब भी मैं अपने स्वस्थ्य योद्धाओं से मिलती हूं, उनके परिवारों से मिलती हूं, तो मुझे लगता है कि एक चीज़ की कमी है। उनका अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को लेकर थोड़ा सा अभाव मुझे नज़र आता है। मैंने उनसे पूछा कि क्या आपने सर्वाइकल कैंसर की जांच करवाई है? तो उनका उल्टा सवाल होता, यह क्या होता है? क्यों ज़रूरी है? यह स्थिति मैंने अच्छी पढ़ी लिखी महिलाओं के बीच भी पाई। उनको भी इसकी गम्भीरता का अंदाजा नहीं है। महिलाओं के स्वास्थ्य की सबसे बड़ी चुनौतियों में से है यह। भारत में महिलाओं को होने वाले कैंसर में पहले नंबर पर जहाँ ब्रेस्ट कैंसर तो दूसरे नंबर पर सर्वाइकल कैंसर है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि यदि समय पर वैक्सीन लग जाए तो सर्वाइकल कैंसर से बचा जा सकता है। पर इसके लिए जागरूकता आवश्यक है। इसी वजह से जयपुर में हाल ही में संपन्न "शक्ति वंदन महोत्सव" को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की ओर उठाया गया एक अभूतपूर्व कदम कहना उचित होगा। हमने इस आयोजन के दौरान पाँच सौ से अधिक बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीका लगाया। यह एक आँकड़ा मात्र नहीं है, बल्कि बेटियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति एक दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है। परंतु इस पहल के दौरान यह भी उजागर हुआ कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का स्तर अभी भी बहुत कम है। डर, भ्रांतियों और जानकारी के अभाव के कारण, टीकाकरण जैसे सरल और प्रभावी समाधान को भी कई बार संदेह की दृष्टि से देखा जाता है।

जब मैंने सोचा की शक्ति वंदन कार्यक्रम में इस बार महिलाओं के स्वरोजगार के साथ ही उनके स्वास्थ्य के विषयों खास कर सर्वाइकल कैंसर के खतरों के बारे में चर्चा करें। साथ ही सर्वाइकल कैंसर का नि शुल्क वैक्सीन लगाने का निजी तौर से प्रयास किया। सबसे बड़ी चुनौती इस लगवाने के लिए संभावितों को तैयार करने में ही आई।

भले ही हज़ारों रुपया में लगने वाला यह वैक्सीन उन्हें निशुल्क लग रहा था किन्तु इसके लिए मनाना कठीन हो रहा था। बहुत कोशिश करने पर कुछ स्वच्छता योद्धा तैयार हुईं। फिर स्कूल की बच्चियों के अभिभावक समझाने पर तैयार हुए। धीरे-धीरे को समझाया, उनके परिवारों को और स्कूल की बच्चियां आगे आयी और लगभग पांच सौ के आस पास वैक्सीन लगवाए। महिलाओं की स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति शुरुआती लापरवाही की वास्तविकता हमें भीतर तक झकझोरती है। यह सिर्फ एक टीकाकरण अभियान नहीं था; यह उन परिवारों के प्रति हमारा सामाजिक दायित्व था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन दृष्टिकोण के तहत, शक्ति वंदन पहल ने महिला स्वास्थ्य और सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता दी है। यह प्रयास न केवल एक चिकित्सा पहल है, बल्कि बेटियों को भयमुक्त और स्वस्थ जीवन जीने की ताकत देने का एक संकल्प है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2030 तक सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें लड़कियों के लिए एचपीवी वैक्सीन, महिलाओं की नियमित स्क्रीनिंग और प्रभावी उपचार को सुनिश्चित करना शामिल है। भारत ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रतिबद्धता जताई है, लेकिन केवल नीतिगत प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए सामाजिक जागरूकता को एक आंदोलन में बदलने की आवश्यकता है। जयपुर में शक्ति वंदन जैसी पहलें यह दिखाती हैं कि बदलाव संभव है, लेकिन इसे व्यापक और गहरा बनाने की जिम्मेदारी हम सभी पर है। जब हमारी बेटियो स्वस्थ होंगी, तभी भारत वास्तव में सशक्त और समृद्ध होगा।

**डॉ. सौम्या गुर्जर**
**महापौर नगर निगम ग्रेटर**
**जयपुर**

# भारत-पाक सीमा पर 26 साल बाद कंटीली तारबंदी के साथ स्मार्ट फैन्सिंग भी लगेगी

- **करीब 1070 किलोमीटर लंबी स्मार्ट फैन्सिंग का यह प्रोजेक्ट श्रीगंगानगर बॉर्डर से शुरू किया गया है**
- **अनूपगढ़ इलाके में 11 किलोमीटर लंबी स्मार्ट फैन्सिंग लगाने का प्रोजेक्ट लगभग पूरा हो गया है**
- **स्मार्ट फैन्सिंग का काम शुरू, इसमें सेंसर लगे हुए हैं, उसकी रेंज में आते ही अलार्म बज उठेगा और घुसपैठिए को वहीं ढेर कर दिया जाएगा**

**बीकानेर,** (निसं)। पश्चिमी राजस्थान से सटी करीब 1070 किलोमीटर लंबी भारत-पाक सीमा पर घुसपैठ अब आसान नहीं होगी। कंटीली तारबंदी के साथ स्मार्ट फैन्सिंग का काम शुरू हो गया है, जिसमें सेंसर लगे हुए हैं। उसकी रेंज में आते ही अलार्म बज उठेगा और घुसपैठिए को वहीं ढेर कर दिया जाएगा। बॉर्डर पर 1999 में कंटीली तारबंदी की गई थी।

भारत-पाक सीमा की पश्चिमी सरहद को स्मार्ट फैन्सिंग से सील करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। करीब 1070 किलोमीटर लंबी स्मार्ट फेंसिंग का यह प्रोजेक्ट श्रीगंगानगर बॉर्डर से शुरू किया गया है। अनूपगढ़ इलाके में कैलाश और शेरपुर सीमा चौकी के बीच 11 किलोमीटर लंबी स्मार्ट फेंसिंग लगाने का प्रोजेक्ट लगभग पूरा हो गया है। यह इलाका घग्घर नदी बहाव क्षेत्र का है। जीरो लाइन से महज 150 मीटर की दूरी पर रेत के बजाय पत्थर के फाउंडेशन पर प्लास्टिक कोटेड तारों की दीवार खड़ी की गई है। इसे कोबरा वायर, सेंसर और सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। फेंसिंग में बिजली का करंट छोड़ने की भी व्यवस्था है। इस तारबंदी को लांघना आसान नहीं है। खास बात ये है कि इस पर जंग नहीं लगेगा। घग्घर नदी के पानी में भी यह तारबंदी खराब नहीं होगी। बीएसएफ आईजी एमएल गर्ग ने हाल ही में खाजूवाला से लेकर घड़साना तक पांच बीओपी का जायजा लेकर तारबंदी की स्थिति भी देखी है।

गौरतलब है कि उस इलाके में बीएसएफ की तारबंदी जीरो लाइन से करीब डेढ़ किलोमीटर मीटर पीछे थी। घग्घर नदी में बाढ़ आने पर तारबंदी पानी में डूब जाती थी। इस इलाके में घना जंगल और खेत हैं। भारतीय किसानों को अंतरराष्ट्रीय गेट खोलकर एक निश्चित समय के लिए खेती पर जाने की इजाजत दी जाती है। इसके लिए बीएसएफ ने सभी के पास बनाए हुए हैं। वहां से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर पाक रेंजर भी तैनात रहते हैं। इसलिए घुसपैठ और नशीले पदार्थों की तस्करी का खतरा हमेशा बना रहता था। इसे देखते हुए स्मार्ट फेंसिंग का कांसेप्ट इजराइल की तर्ज पर लाया गया है। पिछले साल इसे पायलट प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ वाले अति संवेदनशील इलाके में शुरू किया गया था। बॉर्डर पर घुसपैठ और तस्करी रोकने के लिए और भी बदलाव किए जा रहे हैं। बॉर्डर पर सीमा पार पाकिस्तान में पांच किलोमीटर एरिया तक कड़ी निगरानी रखने के लिए कॉम्प्रेहेंसिव इंटीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम (सीआईबीएमएस) से भारतीय सीमा चौकियों को लैस किया गया है। इसके तहत सभी बीओपी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो रात में भी पांच किलोमीटर दूर तक पाक सीमा में निगरानी रखने में सक्षम है। सीमा चौकियों पर बने कंट्रोल रूम से जवान बिग स्क्रीन के जरिए तारबंदी पर निगरानी रखते हैं।

स्मार्ट फेंसिंग में सतर्कता, निगरानी, संचार और डेटा स्टोरेज के लिए थर्मल इमेजर, अंडरग्राउंड सेंसर, फाइबर ऑप्टिकल सेंसर, राडार और सोनार जैसे हाईटेक उपकरण लगाए गए हैं। इस फेंसिंग पर लगी इंफ्रा रेड और लेजर बेस्ड इंट्रूजन डिटेक्टर जमीन और नदी के आसपास के क्षेत्र में एक अदृष्य दीवार का काम करते हैं। सोनार सिस्टम नदी के रास्ते घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर देता है। ऐरो स्टेट तकनीक आसमान में किसी भी हरकत पर नजर रखेगी। सुरंग के रास्ते घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के लिए भूमिगत सेंसर लगाए गए हैं।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**मंगलवार 7 अपैल, 2025**

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, पुष्य नक्षत्र प्रातः 6:25 तक, धृति योग सायं 6:19 तक, तैतिल करण प्रातः 7:42 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-कर्क, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग प्रातः 6:25 तक है। रवि योग सम्पूर्ण दिन-रात है। ज्वालामुखी योग प्रातः 6:25 से रात्रि 8:01 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:44 तक, शुभ 9:22 से 10:56 तक, चर 2:03 से 3:56 तक, लाभ-अमृत 3:56 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:15, सूर्यास्त 6:42

**मेष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।

**कर्क**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**कुंभ**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

राजस्थान सरकार



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

निरामय राजस्थान
सर्वे सन्तु निरामया



**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

## विश्व स्वास्थ्य दिवस
के अवसर पर

### राज्य स्तरीय शुभारम्भ

# निरामय राजस्थान अभियान

### मुख्य अतिथि

## श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री




- मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना
- मिशन मधुहारी
- मिशन लिवर स्माइल
- हीमो डायलिसिस वार्ड
- MAA योजना की मोबाइल एप एवं आयुष पैकेज
- एआई आधारित एकीकृत मॉनिटरिंग सिस्टम
- 29 स्तनपान प्रबंधन इकाई
- ईट राइट राजस्थान अभियान
- 24 राम रथ (मोबाइल मेडिकल यूनिट)
- 10 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस

राजस्थान संवाद

**26 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण**

अध्यक्षता
**श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर**
माननीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री

**07 अप्रैल, 2025 | प्रात: 11 बजे | राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर, जयपुर**

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजस्थान

आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग

fssai

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं प.क. सेवाएं
राजस्थान

# 40 लाख रुपये की हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

## अनूपगढ़ पुलिस ने गश्त के दौरान दबोचा, पहले से पांच मामलों में वांटेड है तस्कर

- **आरोपी के कुर्ते की जेब से 80.18 ग्राम हेरोइन बरामद, मोटरसाइकिल भी जब्त की**

**अनूपगढ़,** (निसं)। पुलिस ने ऑपरेशन फ्लश आउट के तहत देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वांछित नशा तस्कर को 80.18 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद की गई हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 40 लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस टीम एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ के नेतृत्व में प्रेम नगर के वार्ड नंबर आठ में गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार नजर आया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम इब्राहिम खान उर्फ इब्रीम बताया। पुलिस द्वारा की गई तलाशी के दौरान इब्राहिम के कुर्ते की जेब से 80.18 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है और उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इब्राहिम के खिलाफ पहले से ही एनडीपीएस, चोरी और लूट के पांच मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में इब्राहिम ने खुलासा किया कि वह तीन-चार दिन पहले 100 ग्राम हेरोइन 2,000 रुपए प्रति ग्राम की दर से खरीद कर लाया था। उसने इसमें से करीब 20 ग्राम हेरोइन नशेड़ियों को बेच दी थी और बाकी बची मात्रा बेचने के लिए ही निकला था, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। एनसीबी जोधपुर के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हेरोइन की कीमत 50,000 रुपए प्रति ग्राम है, यानी बरामद 80 ग्राम से अधिक हेरोइन की कुल कीमत करीब 40 लाख रुपए बैठती है। वहीं आरोपी इसे लोकल नशेड़ियों को 3,000 रुपए प्रति ग्राम की दर से बेचता था, जिससे उसे लगभग 2.40 लाख रुपए की आमदनी होती।

एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि आरोपी काफी समय से पुलिस की निगरानी में था। इब्राहिम पहले भी कई आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रह चुका है और लगातार नशे के अवैध धंधे में सक्रिय था। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में युवाओं में नशे की बढ़ती लत एक गंभीर चिंता का विषय है, खासकर हेरोइन और एनडीपीएस घटक नशीली गोलियों के कारण युवा अपराध और नशे की दलदल में फंसते जा रहे हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच घड़साना थाना अधिकारी को सौंपी गई है।

# नथानिया कांजी हाउस गौशाला में 15 से अधिक गौवंश की मौत

## गौवंश को चारा-पानी नहीं देने का आरोप, नगर निगम ने फर्म को नोटिस दिया

- **मौके पर पहुंचे नगर विधायक जेठानंद व्यास ने हालात देखकर नाराजगी जताई**
- **गौशाला की क्षमता करीब 1700 गौवंश तक है, लेकिन वहां 2000 से ज्यादा रखे गए हैं**

**बीकानेर,** (निसं)। नगर निगम की शरह नथानिया कांजी हाउस गौशाला में लापरवाही के कारण गौवंश की मौतें होने का आरोप लगा है। मौके पर पहुंचे नगर विधायक जेठानंद व्यास ने हालात देखकर नाराजगी जताई है। उसके बाद निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और गौशाला संचालन फर्म को नोटिस दिया है।

पूगल रोड पर बजरंग धोरे से पहले शरह नथानिया में नगर निगम की कांजी हाउस गौशाला है जहां 2000 से ज्यादा गौवंश पशु हैं। गौशाला में लापरवाही के कारण गौवंश की मौत होने की जानकारी मिलने पर शहर विधायक जेठानंद व्यास वहां पहुंच गए। गौशाला में 15 से ज्यादा गौवंश मरे पड़े थे। गौवंश के लिए पीने का पानी और चारा भी नहीं था। गौवंश भूखे लग रहे थे। मौके पर मौजूद संचालन फर्म के कार्मिक गौवंश के संबंध में कोई रिकॉर्ड भी नहीं दिखा पाए। हालात देखकर नाराज हुए विधायक ने नगर निगम कमिश्नर को फोन कर बात की। उसके बाद उपायुक्त यशपाल आहूजा मौके पर पहुंचे। मौके पर गौशाला संचालन में लापरवाही पाए जाने पर फर्म संचालक पुरुषोत्तम सोलंकी को नोटिस दिया गया है। इसके अलावा गौशाला में कमियों को दूर करने और वहां मॉनिटरिंग के लिए निगम स्टॉफ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि कांजी हाउस गौशाला संचालन के लिए नगर निगम की ओर से 9 जून, 2023 को दो साल के लिए नंद गौसेवा समिति को ठेका दिया गया था। इसका कार्यकाल 8 जून, 2025 को पूरा हो जाएगा। गौशाला में क्षमता से अधिक गौवंश थे। क्षमता करीब 1700 गौवंश तक है, लेकिन वहां 2000 से ज्यादा रखे गए हैं।



भाजपा स्थापना दिवस पर भाजपा हरियाणा प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने चूरू जिले में अपने पैतृक गांव बेवड़ में पार्टी का झंडा फहराया और समस्त प्रदेश के कार्यकर्ताओं को पार्टी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कर पार्टी की मजबूती के लिये संकल्पित होकर निरंतर कार्य करने का आव्हान किया।

## 5वीं बोर्ड के एडमिट कार्ड में गड़बड़ी

**बीकानेर,** (निसं)। पांचवीं बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गए छात्रों के प्रवेश पत्र में खामियां देखने को मिल रही हैं। कुछ लड़कों के प्रवेश पत्र पर लड़कियों के साइन हैं, तो कहीं पूरे स्कूल के प्रवेश पत्रों पर एक ही स्टूडेंट के साइन प्रकाशित हो गए हैं। उधर, शाम तक पंजीयक कार्यालय कमियों को दूर करने में जुटा रहा। सात अप्रैल को पहला पेपर है और 6 अप्रैल को रविवार है। ऐसे में सभी स्कूल बंद रहेंगे। देर शाम तक शिक्षा विभागीय पंजीयक कार्यालय की ओर से एडमिट कार्ड्स को लेकर आ रही तकनीकी समस्या को दूर नहीं किया जा सका। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि गलतियां प्राइवेट स्कूलों के विद्यर्थियों के प्रवेश पत्र में देखने को मिल रही हैं। रोल नम्बर तो ठीक है लेकिन अभ्यर्थी का फोटो और साइन अलग है। जिसे दुरुस्त करवाया जा रहा है।

# दुष्कर्म का आरोपी दमन दीव से गिरफ्तार

- **आरोपी दोनों बहनों को मजदूरी करवाने के बहाने अहमदाबाद ले जाकर वारदात को अंजाम दिया**

डूंगरपुर, (निसं)। दोवड़ा थाना पुलिस ने दो नाबालिग बहनों को बंधक बनाकर रेप करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दोनों बहनों को गुजरात में मजदूरी करवाने के बहाने अहमदाबाद ले जाकर उनके साथ वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को दमन दीव से गिरफ्तार किया है। दोवड़ा थानाधिकारी तेजकरण सिंह चारण ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसमें बताया कि उसके दो नाबालिग भतीजियां है। आरोपी युवक दोनों भतीजियों को दीपावली के चार दिन बाद अहमदाबाद में मजदूरी दिलाने के बहाने साथ ले गया। इसके बाद दोनों को अहमदाबाद में एक कमरे में बंद कर दिया। आरोपी दोनों को बंधक बनाकर उनके साथ गलत काम कर रहा है। दोनों भतीजियों की काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों नाबालिग बहनों की तलाश शुरू कर दी। एक महीने पहले पुलिस ने दोनों बहनों को अहमदाबाद में एक कमरे से दस्तयाब किया था। इसके बाद पुलिस अपहरण और रेप के आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी को दमन दीव से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# तालाब में मिट्टी धंसने से दो मासूम बच्चों की मौत

- **पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू की, शव परिजनों को सौंपे**

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के आकोली गांव में शनिवार को एक हृदयविदारक हादसा सामने आया, जिसमें खेलते समय मिट्टी धंसने से दो मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार आकोली निवासी बाबूराम पुत्र प्रेमाजी भील ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसके पोते अनिल (9) पुत्र भावेशकुमार भील, श्रवण पुत्र रमेश कुमार भील व दशरथ पुत्र रमेश कुमार भील तीनों जने रविवार सवेरे करीब 11 बजे आकोली गांव के मुख्य तालाब पर खेलते-खेलते गहरी खाई की मिट्टी के नीचे दब गये। दबते देख तीसरा साथी दशरथ भील ने भागकर घर जाकर बताया कि तालाब के अंदर गहरे खड्डे में अनिल व श्रवण दब गये हैं। घटना की सूचना पाकर तालाब पर दोनों के परिजन, पुलिस व ग्रामीण मौके पर पहुँचे की तब तक दोनों ने दम तोड़ दिया था।

पुलिस ने दोनों शवों को सियाणा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ चिकित्सको ने शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी। इस दौरान बागरा थानाधिकारी मोहनलाल गर्ग, सहायक उपनिरीक्षक भागीरथराम, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश टेलर, आकोली सरपंच चौपाराम देवासी, सियाणा उप सरपंच जोगाराम घटनास्थल का जायजा लिया। मृतक बालक आकोली निवासी अनिल पुत्र भवाराम भील कक्षा 4 में राजकीय कस्तुरबां गाधी विद्यालय आकोली व श्रवण पुत्र रमेश कुमार भील कक्षा 8 में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आकोली में अध्ययनरत था।

# इनामी हिस्ट्रीशीटर सहित दो गिरफ्तार

**जयपुर।** भरतपुर जिले की थाना भुसावर व उद्योग नगर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के विरुद्ध अलग-अलग कार्रवाई में 5000 रुपये इनामी हिस्ट्रीशीटर सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार कर दो देशी कट्टे व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। थाना भुसावर के एएसआई कपूर चन्द मय जाप्ता के मुखबिर की सूचना पर रविवार को मजाजपुर निठार रोड़ से बदमाश डिप्टी मीना पुत्र रामकिशोर निवासी निठार थाना भुसावर के पास से 1 अवैध देशी कट्टा व 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर जब्त कर गिरफ्तार किया गया। अपहरण व लूट के मामले में थाना सदर करौली में दर्ज प्रकरण में वांछित आरोपी पर एसपी करौली द्वारा 5 हजार रूपये का ईनाम घोषित है।

इसी प्रकार थाना उद्योग नगर के एएसआई बृजेन्द्र सिंह व हैड कांस्टेबल रनवीर सिंह मय जाप्ता द्वारा गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर सिमको ग्राउण्ड हनुमान मन्दिर के पास सीसी रोड़ से बदमाश राकेश उर्फ राका पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी चार थोक जघीना थाना उद्योग नगर को एक अवैध देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया गया।

# अवैध मादक पदार्थों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- **20 किलो डोडा-चूरा एवं 210 ग्राम अफीम जब्त की**



पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। रामगंजमंडी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ एवं तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत मोड़क के बाद टीम थाना रामगंजमंडी द्वारा भी एक कार्रवाई को अंजाम दिया गया, जिसमें पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 किलो 160 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा एवं 210 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जब्त करने के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त अवैध मादक पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय कीमत 1 लाख 40 हजार रूपये आंकी गई है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि रामगंजमंडी थानाधिकारी मनोज सिंह सिकरवार मय जाप्ता खैराबाद उंडवा रोड़ पर नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। नाकाबंदी के दौरान पुलिस नाकाबंदी को देखकर दो व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने उक्त दोनों व्यक्तियों का पीछा कर उन्हें रोका तथा डिटेन कर उनके पास मिले बैगों की तलाशी ली तो बैगों में 20 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा एवं 210 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए परजिया बिहारीपुर कला थाना सिंधवाभेट जिला लुधियाना (पंजाब) निवासी छिन्द्र सिंह (45) एवं विजय कुमार उर्फ रमन (24) को गिरफ्तार किया। थाना रामगंजमंडी पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान थानाधिकारी थाना चेचट द्वारा किया जा रहा है।

# हीट वेव से उदयपुर का पारा बढ़ा, 41 डिग्री के करीब पहुंचा तापमान



शहर के चौराहों पर निगम की ओर से फुहारों की बौछारें की जा रही है।

- **अप्रैल माह के पहले ही सप्ताह में तेज गर्मी का अहसास होने लगा है**

**उदयपुर,** (कासं)। प्रदेश में इस बार हीटवेव के अधिक समय तक रहने व दो दिन के अलर्ट के बीच लेकसिटी में पूरी तरह से भीषण गर्मी की जद में है। दो दिन से शहर में हीटवेव का असर देखा जा रहा है और रविवार के दिन तो भरी दुपहरी में हीट वेव इतनी तेज थी कि घर से बाहर निकलते ही लोग पुनः घरों की ओर दुबक गए। तापमान भी लगातार बढ़कर अब 41 डिग्री के करीब 40.9 डिग्री पर पहुंच गया। अप्रेल माह के पहले ही सप्ताह में तेज गर्मी का अहसास होने लगा है।

लेकसिटी में हीटवेव के असर ने भीषण गर्मी शुरू होने का अलर्ट दे दिया है हालांकि इस सप्ताह तापमान में कमी व वृद्धि का दौर रहेगा लेकिन प्रदेश में दो दिन के हीट वेव का असर पूरी तरह शहर में भी दिखाई दिया। गर्म हवाओं के थपेड़ों से तपती दीवारों से अब रातें भी गर्म अहसास देने लगी है। रात का तापमान भी बढ़कर अब 20 डिग्री का पार कर 21.6 डिग्री पर जा पहुंचा। दिन के तापमान में जहां पौने दो डिग्री की वृद्धि हुई, वहीं रात का तापमान भी दो डिग्री बढ़ गया। रात के बढ़ने और सूरज की तपिश तेज होने से अब गर्मी सताने लगी है। शहर के चौराहों पर निगम की ओर से फुहारों की बौछारें कर गर्मी से राहत देने की कोशिश की जा रही है। वहीं घरों में रखे कूलर व एसी भी अब चलने लगे हैं। शहर में बीते तीन दिनों की बात करें तो तापमान शुक्रवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः 38.6, 18.1, शनिवार को 39.0, 19.1 व रविवार को 40.9, 21.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# 536 किलो डोडा चूरा, तीन किलो अफीम जब्त

**जयपुर।** उदयपुर जिले में थाना सायरा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई कर 536 किलोग्राम डोडा चूरा, 2.920 किलोग्राम अफीम व एक स्कॉर्पियो जब्त की है। थानाधिकारी सायरा प्रवीण जुगतावत मय टीम द्वारा शनिवार को झाला छतरी, रणकपुर घाट पर नाकाबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान गुजरात पासिंग एक सफेद रंग की स्कोर्पियो कार आती दिखाई दी। जिसे रूकने का ईशारा करने पर चालक गाड़ी को तेज गति से भगाने लगा। जिस पर टीम ने स्कार्पियो के आगे टायर बर्स्ट स्टीक डाल टायर पंचर किया। उसके बाद भी चालक व उसका साथी कार भगा हाथी पुलिया के पास छोड़कर जंगल की तरफ भाग गये। भागने वाले दोनों व्यक्तियों का टीम ने पीछा किया गया, लेकिन जंगल इलाका व रात का समय होने से दोनों भागने में कामयाब हो गये। उसके बाद कार की तलाशी ली गई तो गाड़ी के अन्दर 2.920 किलोग्राम अफीम व 27 प्लास्टिक के कट्टों में 536.440 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा मिला। अवैध मादक पदार्थ मय कार जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में थाना सायरा के कांस्टेबल नरपत राम की विशेष भूमिका रही। टीम में थाना सायरा से एसएचओ प्रवीण जुगतावत सहित हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, सुखाराम, यशवंत सिंह, कांस्टेबल धर्मेंद्र आदि शामिल थे।

# खरीद केन्द्र विलंब से शुरू करने के कारण किसानों को हुआ 265 करोड़ रुपए घाटा : रामपाल जाट

**जयपुर।** किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने मांग उठाई है कि खरीद केंद्र विलंब से आरंभ करने के कारण किसानों को हुए 265 करोड रुपए से अधिक के घाटे की भरपाई सरकार करे। उन्होंने कहा कि 15 फरवरी से 25 मार्च तक राजस्थान की मंडियों में सरसों की आवक की मात्रा 37 लाख 87 हजार 513 क्विंटल है। सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपए प्रति क्विंटल, बाजार भाव 4600 से लेकर 5500 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। सामान्यतया एक क्विंटल पर 700 रुपए का घाटा रहा । उसके अनुसार इस अवधि में किसानों को 2 अरब 65 करोड़ 12 लाख 59 हजार 100 रुपए का घाटा उठाना पड़ा। सरसों मंडियों में 15 फरवरी से आना आरंभ हो गई थी। पिछले तीन वर्षों से किसानो की ओर से खरीद 15 फरवरी से आरंभ करने के लिए अनुनय -विनय किया जा रहा है । इसके संबंध में राज्य के अधिकारी एवं सत्ताधारी राजनेताओं सहित केंद्र के अधिकारी एवं सत्ताधारी राजनेताओं को ज्ञापन दिए जा रहे हैं, वार्ता हो रही है। जिसमें केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी सम्मिलित है। राजस्थान के केंद्र के कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी को भी ज्ञापनों के माध्यम से निवेदन किया गया है।

## शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार किया है। सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध शराब व मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत बामनवास सर्किल इंस्पेक्टर राकेश शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल हेड कांस्टेबल रामवीर सिंह, कांस्टेबल हरिमोहन व मुकुट बिहारी की टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर अवैध देशी शराब के 48 पव्वों के साथ आरोपी तूफान सिंह गुर्जर निवासी ककराला थाना बामनवास को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया है।

# दो बसों की भिड़ंत में चालक घायल

- **हादसे में कुछ यात्री घायल हुये**

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के लालसोट-बौंली सड़क मार्ग पर पीपलदा गांव के पास रविवार को दो निजी बसों में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में बस का चालक अजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एंबुलेंस से सवाई माधोपुर चिकित्सालय ले जाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर से मलारना चौड एवं मलारना डूंगर से जयपुर जाने वाली दो निजी बसों में पीपलदा मोड पर आमने-सामने से भिड़ंत हो गई, जिससे दोनों बसों के आगे के हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए एवं एक बस का चालक अजय सिंह घायल हो गया। दोनों बसों में करीब 15 यात्रियों को भी चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, सूचना पर बौंली पुलिस मौके पर पहुंची एवं दोनों क्षतिग्रस्त बसों को जेसीबी की सहायता से हटाकर सड़क मार्ग सुचारू कराया गया।

# रामधाम में बने मेवों के महल और मूर्तियां गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

- **दर्शनों के लिए खोली गई ड्राई फ्रूट, कैंडी व मसालों से निर्मित आकर्षक देव प्रतिमाएं, भक्तों का लगा तांता**
- **श्री अग्रसेन संस्कार सेवा समिति का तीन दिवसीय महाछप्पन भोग, तीन दिन दर्शन होंगे**

**कोटा,** (निसं)। श्री अग्रसेन संस्कार सेवा समिति कोटा संभाग के तत्वावधान में रविवार से श्री रामधाम आश्रम रावतभाटा रोड़ पर महाछप्पन भोग कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। यहां मेवों, मसालों और कैंडी से बने 18 भव्य महल और 9 आकर्षक देव प्रतिमाएं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुई है। इसी के साथ कोटा के श्री अग्रसेन संस्कार सेवा समिति कोटा संभाग का नाम विश्व कीर्तिमानों की सूची में दर्ज कर लिया गया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम के सदस्यों ने विधायक संदीप शर्मा की उपस्थिति में अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, महामंत्री अशोक अग्रवाल, प्रवक्ता संजय गोयल तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश अग्रवाल को प्रोविजनल सार्टिफिकेट, मैडल और बैज सौंपा। इस दौरान निगम में नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी और शहर भाजपा महामंत्री जगदीश जिंदल भी मौजूद रहे।

टीम के साथ आए आलोक कुमार ने कहा कि वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना कोई आसान काम नहीं है। आज कोटा ने यह अभूतपूर्व काम कर दिखाया है। ड्राई फ्रूट्स के महल देखना भी अपने आप में एक रोमांचकारी अनुभव है। पूरी दुनिया में इस प्रकार का कोई दूसरा रिकॉर्ड नहीं है। कोटा में सबसे ज्यादा संख्या में ड्राई फ्रूट्स के महल बनाए गए हैं, जो वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया है। कोई सोच नहीं सकता कि ड्राई फ्रूट्स के भी महल हो सकते हैं। आज से पूरे वर्ल्ड में कोटा का नाम विश्व कीर्तिमानों की सूची में लिया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक तथा अग्रसेन संस्कार सेवा समिति के महामंत्री अशोक अग्रवाल ने बताया कि छप्पन भोग के दर्शन 8 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः 6 से रात्रि 10 बजे तक होंगे, जिन्हें सर्वसमाज के लिए खोला गया है। छप्पनभोग के दौरान चिरौंजी, शुगर फ्री, अंजीर, मूंगफली, बिस्किट, मखाना, नमकीन पिस्ता, चॉकलेट, बादाम, बताशे, अखरोट, हरी इलायची, छुआरा, पीली सरसों, नारियल, काली मिर्च, पोलो गोली, हल्दी आदि के 18 महल बनाए गए हैं, जबकि राजमा से काली माता, भुने हुए चने से विष्णु भगवान, मिक्स मेवा एवं सुपारी से दुर्गा माता, बादाम और मूंगफली से साईं बाबा, मोतियों से बजरंग बली, काबुली चने और मखाना से गणेशजी, मोतियों से कृष्ण कन्हैया, वर्क वाली इलाइची से बनी लक्ष्मीजी की प्रतिमा समेत नौ प्रतिमाएं दर्शनों के लिए रामधाम स्थित मंदिर पर रखी गई हैं।

इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष टीसी गुप्ता, रुचि अग्रवाल, सुनील गर्ग, संदीप चांदीवाला, टीकम खांड वाले, अनीता मित्तल, डॉ. आरके राजवंशी, नवल गर्ग, परमानंद गर्ग, ललित ऐरन, जगदीश अग्रवाल प्रॉपर्टी, नत्थीलाल अग्रवाल, हनुमान गुप्ता, सुनील निमोदिया, प्रदीप अग्रवाल, महावीर जैन, किन्नू अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, लोकेश गोयल, सुरेश अग्रवाल समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ‘हमने इमरजेंसी का दंश झेला, भाजपा की पहचान में हर एक कार्यकर्ता का योगदान’



भाजपा स्थापना दिवस पर बीकानेर पार्टी कार्यालय में संगठन प्रभारी दशरथ सिंह शेखावत ने झण्डा फहराया।

- स्थापना दिवस पर पार्टी का झंडा फहराया एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी

**बीकानेर,**(कासं)। भाजपा कार्यालय पर पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

भाजपा शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया की अगुवाई में संगठन प्रभारी दशरथ सिंह शेखावत, विधायक जेठानंद व्यास की उपस्थिति में पार्टी कार्यालय पर पार्टी का झंडा फहराया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। आज प्रत्येक कार्यकर्ता ने अपने घर पर आस पड़ौस में पार्टी का झंडा फहराया।

प्रभारी दशरथ सिंह शेखावत ने कहा पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई लेकिन 1951 में जब हमारा दल जन संघ स्थापित हुआ तो उस समय हमारा दल तेजी से आगे बढ़ रहा था। हमारे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके बाद फिर हम एक बार खड़े हुए और जो हमारे दूसरे राष्ट्रीय अध्यक्ष थे उनकी भी रहस्यमय तरीके से हत्या कर दी जाती है। उसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा मीसा लगा दी जाती है। इसके बाद भी हमारे संगठन के कार्यकर्ता घबराते नहीं है और लगातार डटकर खड़े रहते हैं। उसका एकमात्र कारण यही है कि हमारी पार्टी और संगठन एक कार्यकर्ता आधारित दल है।

जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने कहा हमारी पार्टी एक ऐसा दल है, जिसका कार्यकर्ता प्रधानमंत्री बनता है, मुख्यमंत्री बनता है, प्रदेश अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष बनता है और पार्टी के सभी दायित्वों का निर्वहन करता है। हम दुनियां के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सदस्य हैं। हमने 21 अक्टूबर 1951 जनसंघ से लेकर एक लम्बी लड़ाई लड़ी है और आज हमारा दल एक बेहतर मुकाम पर है। हमें इसी तरह अपनी पार्टी और संगठन को निरंतर आगे लेकर जाना है।

विधायक जेठानंद व्यास ने कहा हमारे नेताओं ने इमरजेंसी का दंश ने झेला है। बीकानेर से सोमदत्त श्रीमाली, ओम आचार्य, द्वारका तिवाड़ी, रिखबदास बोडा, ओम झालानी, नंदलाल व्यास ने पार्टी को समय दिया पार्टी के लिए बलिदान दिया। अपना जीवन पार्टी को समर्पित कर दिया। आज हम उनके लगाए वृक्ष की छांव ले रहे हैं। जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कहा 2 सीट से 303 सीट तक का सफर हमारी पार्टी ने तय किया। दुनियां की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में आज भारतीय जनता पार्टी की पहचान है हर एक कार्यकर्ता का इसमें योगदान है और सभी मेहनत और समर्पण से निरंतर पार्टी मजबूत हो रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा कि अटल-आडवाणी की जोड़ी से मोदी-शाह की जोड़ी तक पार्टी ने हर दशक में पार्टी ने नई उपलब्धि हासिल की है। आज पार्टी जनसंघ के संस्थापक स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अखंड भारत के विचार और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर चल रही है।

वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नये आयाम छू रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल गहलोत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा जब पार्टी की शुरूआत हुई उस समय बहुत संघर्ष से पार्टी जूझ रही थी। आज हर कार्यकर्ता की मेहनत और लगन से पार्टी के संस्थापक सदस्यों के सपनों को साकार किया जा रहा है। महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने कहा हर वर्ग को साथ लेकर चलना हमारे संगठन की खूबसूरती है। आज महिलाओं को विधायक, महापौर, जिलाध्यक्ष बनाकर पार्टी महिलाओं को नेतृत्व भी दे रही है और सम्मान भी दे रही है। जिसका नतीजा है बीकानेर में आज 7 में से 6 विधायक हमारे हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री मोहन सुराणा ने किया। कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र पंवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

आज के स्थापना दिवस कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर, प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चारण, पूर्व महापौर नारायण चौपड़ा, महामंत्री श्यामसुंदर चौधरी, नरेश नायक, उपाध्यक्ष हनुमान सिंह चावड़ा, आनंद सिंह भाटी, गोकुल जोशी, जितेंद्र राजवी, विजय उपाध्याय, भगवान सिंह मेड़तिया, मंत्री मनीष सोनी, संगीलाल गहलोत, कौशल शर्मा, अनु सुथार, इंद्रा व्यास, भारती अरोड़ा, अशोक प्रजापत, भूपेंद्र शर्मा, ओम सोनगरा, श्याम सिंह हांडला, प्रकाश मेघवाल, मुकेश सैनी, प्रेम गहलोत, दिनेश चौहान, दिनेश सांखला, विशाल गोलछा, विशाल गहलोत, कमल गहलोत, चंद्रमोहन जोशी, राजाराम सीगड़, ओमप्रकाश मीणा, सोहन चांवरिया मौजूद थे।

## उछब थरपणा का आगाज 14 से

**बीकानेर,** (कासं)। देश में विख्यात बीकानेर नगर के स्थापना दिवस समारोह गत 15 वर्षों की भांति ही इस वर्ष के 537 वें स्थापना दिवस पर 7 दिवसीय ‘उछब थरपणा’ समारोह राजस्थानी साफा, पगड़ी एवं कला संस्थान एवं थार विरासत के साझा आयोजन के रूप में मनाया जायेगा।

कार्यक्रम के संयोजक एवं संस्था अध्यक्ष वरिष्ठ शिक्षाविद एवं संस्कृतिकर्मी राजेश रंगा ने बताया कि ‘उछब थरपणा’ समारोह 14 से 20 अप्रैल तक नत्थूसर गेट के बाहर स्थित लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन में आयोजित किया जायेगा। इस समारोह की विशेष बात यह होगी कि इस बार का यह समारोह विशेष रूप से युवा प्रतिभाओं को समर्पित रहेगा।

कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक एवं संस्था सचिव कृष्णचन्द्र पुरोहित ने बताया कि ‘उछब थरपणा’ के प्रथम दिन प्रातः 11:15 बजे संस्था कार्यालय में दो दिवसीय चंदा, साफा पगड़ी संबधित दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया जायेगा। जिसके संयोजक वरिष्ठ कला विशेषज्ञ डॉ. राकेश किराडू रहेंगे।

समारोह के तीसरे दिन 16 अप्रैल को राजस्थानी लोक कला एवं लोक संस्कृति के वैभव को उकेरने के लिए विशेष रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन संयोजिका संस्कृतिकर्मी हेमलता व्यास के निर्देशन में किया जायेगा। इसी कड़ी में समरोह चौथे दिन 17 अप्रैल को बीकानेर को केन्द्र में रखकर खास निबंध प्रतियोगिता का आयोजन संयोजक युवा शिक्षाविद् आशीष रंगा के निर्देशन में होगा। समारोह के पांचवें दिन 18 अप्रैल को बीकानेर की समृद्ध खेल परंपरा पर आधारित एक परिसंवाद का आयोजन होगा।

## सार-समाचार

### ‘जागती जोतां’ का लोकार्पण



कवि गिरधारी सिंह की राजस्थानी पुस्तक ‘जागती जोतां एवं मानखो’ का लोकार्पण उमाकांत गुप्त ने किया।

**बीकानेर,** (कासं)। शब्दरंग साहित्य एवं कला संस्थान के तत्वावधान में कविवर स्व. गिरधारी सिंह पड़िहार की राजस्थानी पुस्तक ‘जागती जोतां एवं मानखो’ का लोकार्पण किया गया। महाराजा नरेन्द्र सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित लोकार्पण समारोह में राजस्थानी भाषा साहित्य से युवा पीढ़ी को संस्कारित करने का आव्हान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समालोचक ओर भाषाविद डॉ उमाकांत गुप्त ने कहा कि स्व. गिरधारी सिंह पड़िहार का साहित्य का मूल्यांकन हिन्दी और राजस्थानी की कालजयी रचनाओं के समान होना आवश्यक है। कार्यक्रम अध्यक्ष राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पूर्व सचिव पृथ्वीराज रतनू ने कहा कि स्व. गिरधारी सिंह पड़िहार की पुस्तकों के तीसरे संस्करण का प्रकाशन उनके रचना कर्म का सम्मान है। लोकार्पित कृतियों के प्रकाशक शिवपाल सिंह पडिहार ने राजस्थानी भाषा मान्यता की आवश्यकता जताई। लोकार्पित पुस्तक मानखो पर पत्रवाचन करते हुए डॉ.गौरीशंकर प्रजापत ने कहा कि मानखै मांया मानवता जगावतो : मानखो काव्य कवि गिरधारी सिंह पडिहार नारी के चरित्र को नये रूप में प्रकट किया है। नारी ही नारी की रक्षा करने आगे आयी है। ‘जागती जोता’ पर पत्रवाचन करते हुए डॉ.कृष्णा आचार्य ने कहा कि राजस्थानी भाषा के दिग्गज वीररस के कवि स्व. गिरधारी सिंह पडिहार का रचना संसार लम्बा विस्तार लिए हुए है। उन्होंने कहा कि पडिहार ने साहित्य को नया मोड़ देते हुए धीरता, गंभीरता साहस ऊर्जा उत्साह से कलम चलाई।

### प्रतिभा सम्मान समारोह पर चर्चा



मीणा समाज के अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महासंघ की जिला स्तरीय बैठक को मदनलाल मीणा ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। मीणा समाज अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महासंघ की जिला स्तरीय बैठक कर्मचारी मैदान में पूर्व तहसीलदार मदन लाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों में कार्यरत मीणा समाज के अधिकारी कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं जिनमें समय पर पदोन्नति,रोस्टर रजिस्टर का नियमानुसार संधारण करवाने, पदों का वर्गीकरण, सभी विभागों में होने वाली भर्तियों सहित संविदा कर्मचारियों की भर्ती में भी नियमानुसार आरक्षण देने, सभी विभागों में बनने वाली समितियों में एक एसटी कार्मिक को शामिल करवाने पर विस्तार से चर्चा हुई। संयोजक मोहर सिंह सलावद ने बताया कि बैठक में आगामी माह में संभाग मुख्यालय पर स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित करवाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इसमें बीकानेर संभाग में सरकारी सेवा में आये युवाओं सहित शिक्षा एवं साहित्य, खेलकूद सहित विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाले युवाओं का सम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर महासंघ की कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया जिसमें अध्यक्ष जयपाल मीणा, संरक्षक पूर्व तहसीलदार मदनलाल मीणा, हजारी लाल मीणा सहित पीबीएम अस्पताल के सीनियर फिजिशियन डॉ.मनोज कुमार मीना, नायब तहसीलदार सुभाष चंद्र मीणा, सहायक आचार्य भरत लाल मीणा, कमलराम मीना, मोहर सिंह सलावद, सुरेन्द्र मीना, कालू शंकर मीणा, करणीराम मीणा, पिंटू मीणा, शिवराज मीणा को शामिल किया गया। इस अवसर पर बाबूलाल मीणा, धर्मेन्द्र मीणा, योगेश मीणा, ताराचंद मीणा, मनीष कुमार मीना, कन्हैयालाल मीणा, राम कल्याण मीना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष जयपाल मीणा ने सभी का आभार जताया।

### गेहूं की सरकारी खरीद 10 से शुरू

**नोखा,** (कासं)। भारतीय खाद्य निगम द्वारा इस बार मंडी नोखा में किसानों से गेहूं की खरीद 10 मार्च से 30 जून तक की जायेगी। गेहूं की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं बोनस के साथ 2575 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से की जायेगी। किस्म निरीक्षक रामसिंह बेनीवाल ने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया चालू है जिसमें किसान स्वयं अपना पंजीकरण कर सकता है। खरीद प्रभारी एवं ई-मित्र के माध्यम से भी करवा सकते हैं। अभी तक 78 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

# सास ने दूसरी बहू पर दर्ज कराया 70 लाख की धोखाधड़ी का मामला

- दूसरी पत्नी ने सरकारी नौकरी लगे पति की मृत्यु के बाद उठाए सारे परिलाभ
- परिलाभ की राशि पहली पत्नी के बेटे अर्चितपाल को देने की बात तय हुई थी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पुरानी आबादी थाना में बुजुर्ग सास ने अपनी दूसरी बहू के खिलाफ 70 लाख रूपए हड़पने का मामला दर्ज करवाया है।

यूआईटी कॉलोनी निवासी 73 वर्षीय निर्मलजीत कौर का आरोप है कि उसकी दूसरी बहू मनदीप कौर ने झूठी जानकारी देकर सरकारी लाभ की करीब 70 लाख रूपए की राशि अपने खाते में ट्रांसफर करवा ली। निर्मलजीत कौर ने बताया कि उनका पुत्र परविंद्र सिंह सरकारी स्कूल में ग्रेड थर्ड अध्यापक के पद पर नियुक्त था। परविंद्र सिंह की पहली शादी गुरेंद्रपाल कौर से हुई थी। इससे एक बेटा अर्चितपाल ढिल्लो हुआ।

वर्तमान में अर्चितपाल कनाडा में रहता है। पीड़िता निर्मलजीत ने बताया कि 2008 को गुरेंद्रपाल कौर की मृत्यु हो गई। इसके बाद परविंद्र सिंह ने मनदीप कौर से दूसरी शादी कर ली। दूसरी शादी से परविंद्र सिंह के कोई संतान नहीं हुई। 10 सितंबर 2022 को ड्यूटी के दौरान परविंद्र सिंह का निधन हो गया। इसके बाद परिवार में तय हुआ कि मृतक आश्रित कोटे के तहत सरकारी नौकरी और पेंशन दूसरी बहू मनदीप कौर को मिलेगी। इसके अलावा बाकी परिलाभ की राशि अर्चितपाल को देने की बात तय हुई।

यह भी निर्णय लिया गया कि बाकी चल-अचल संपत्ति में दोनों की बराबर हिस्सेदारी होगी। निर्मलजीत कौर ने बताया कि इसे लेकर तमाम औपचारिकताएं पूरी कर शपथ पत्र संबंधित विभागों में दिए गए। मनदीप कौर को सरकारी नौकरी और पेंशन मिलने लगी। इसके बाद मनदीप कौर ने विभाग में झूठी जानकारी देकर खुद को एकमात्र नॉमिनी बताया और पूरे 70 लाख रूपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए।

निर्मलजीत कौर ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद अर्चितपाल कनाडा से लौटा। इस संबंध में परिजनों ने भी समझाइश की लेकिन मनदीप कौर ने कहा कि पूरा पैसा खर्च हो चुका है। इसके बाद निर्मलजीत कौर ने पुरानी आबादी थाना में मामला दर्ज करवाया।

## 438 ग्राम अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जवाहर नगर थाना पुलिस ने अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बड़ी मात्रा में नकदी भी बरामद हुई।

पुलिस को इलाके में अफीम तस्कर के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने गहन तलाशी अभियान शुरू किया। थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौसम विभाग रोड पर ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति पर शक होने पर तलाशी ली। आरोपी के पास 438 ग्राम अफीम और बिक्री के 3,40,000 रूपए बरामद किए। आरोपी की पहचान राजेश गोदारा निवासी गोदारों का बास, पूनरासर, थाना शेरूणा, बीकानेर के तौर पर हुई।

आरोपी अभी इंद्रा कॉलोनी की गली नंबर 7 में रह रहा है। आरोपी के खिलाफ जवाहर नगर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# सी.एम. के दौरे की तैयारी का जायजा लिया

- सीएम भजनलाल शर्मा गंगानगर जिले में 8-9 अप्रैल को आ सकते हैं

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में सीएम भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। संभावना है कि सीएम रायसिंहनगर स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारा बुड्ढा जोहड़ व डाबला स्थित बिश्नोई मंदिर में दर्शन के लिए जा सकते हैं।

जिला प्रशासन के पास सीएम के दौरे को लेकर कोई पुख्ता जानकारी नहीं आई। इसके बावजूद कलेक्टर डॉ. डीआईजी गौरव यादव, एडीएम सिटी रीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गिरधर सहित अन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के दौरे के प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने टीम सहित गुरूद्वारा बुड्ढा जोहड़, बिश्नोई मंदिर, रामलीला मैदान, सूरतगढ़ रोड स्थित होटल आदि जगहों का मौका निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बताया जा रहा है कि देर रात या रविवार को दोपहर तक सीएम के दौरे को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जायेगी। साथ ही साधुवाली स्थित गाजर मंडी में गड्ढे भरवाने का काम भी शुरू करा दिया गया है। कलेक्टर डॉ. मंजू का कहना है कि सीएम के दौरे को लेकर आधिकारिक तौर पर अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। लेकिन फिर भी प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ तैयारियों में जुट गया है। सीएम भजनलाल शर्मा जिले में 8-9 अप्रैल को आ सकते हैं। नगर परिषद आयुक्त रणजीत कुमार ने वीवीआईपी दौरे के मद्देनजर रविवार को समस्त सफाई स्टाफ का अवकाश निरस्त कर दिया है।समस्त सफाई कर्मचारियों को उपस्थित रहकर पूरे दिन कार्य करने के निर्देश दिए।

# खाजूवाला में जिप्सम का अवैध खनन

- पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर और चाल जब्त किए
- माफिया जेसीबी और डंपर लेकर फरार

**बीकानेर,** (कासं)। खाजूवाला में पाक बॉर्डर से करीब पांच किमी दूर जिप्सम के अवैध खनन का मामला सामने आया है। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर और चाल जब्त किए हैं। जबकि माफिया गिरोह के लोग जेसीबी और डंपर लेकर फरार हो गए।

खाजूवाला में पाक बॉर्डर के पास जिप्सम माफिया एक बार फिर सक्रिय है। सुबह माफिया गिरोह के लोग मशीनें लेकर चक 10 डीडब्लयूडी पहुंचे और जिप्सम खोद डाला। ग्रामीणों ने जिप्सम के अवैध खनन की शिकायत की तो खाजूवाला तहसीलदार कमलेश मेहरिया और दंतौर थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। इस दौरान माफिया गिरोह के लोग जेसीबी, डंपर लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर और जिप्सम छानने वाली मशीन चाल जब्त की है जहां जिप्सम का अवैध खनन किया जा रहा था। वह जमीन खातेदारी बताई जा रही है। मौके पर पहुंचे दंतौर पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल राजेन्द्र ने बताया कि खान विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन की सूचना दी गई है। उनकी रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

## बंधक बना मारपीट की, बाल काटे

**नोखा,** (कासं)। बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए वार्ड 12 निवासी जगदीश सियाग ने मुकदमा दर्ज करवाया है। जगदीश सियाग ने बताया कि मदनलाल, शिव, गोपाल, शंकर, तेजाराम व 15-16 अन्य व्यक्ति निवासी मोहनपुरा बास नोखा उसके घर के आगे आए। गंदी गालियों निकालने लगे। उसका भाई लक्ष्मण घर से बाहर आया तो सभी उसके साथ मारपीट करने लगे। सभी उसे उठाकर अपने घर के बाहर ले गए। वहां जाकर उन सभी ने गली में लक्ष्मण के बाल काट दिए। उसका वीडियो भी बनाने लगे। उसे सूचना मिली तो वह मौके पर गया। आरोपियों ने उसे भी बंधक बना लिया। उसकी कुरियर कंपनी के कलेक्शन के 32600 रूपए और सामान छीन लिया। उसे भी बंधक बना लिया।

# पीबीएम परिसर में ई-मित्र ने फोटो कॉपी के दस रूपए वसूले

- शिकायत पर विधायक जेठानंद व्यास ने बोगस ग्राहक भेजा तो मामला सही पाया

**बीकानेर,** (कासं)। पीबीएम अस्पताल परिसर में एक कागज फोटो स्टेट के दस से बीस रूपए लिए जाने की शिकायत की।

जानकारी के बाद बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने अपने एक कार्यकर्ता को बोगस ग्राहक बनाकर भेजा और शिकायत सही पाई जाने पर खुद ई-मित्र केन्द्र पहुंचे। उन्होंने इस अनियमितता पर गहरी नाराजगी जताई और मौके से ही संभागीय आयुक्त डॉ रवि कुमार सुरपुर, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ गुंजन सोनी और पीबीएम अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र वर्मा को फोन करते हुए संबंधित व्यक्ति का ई-मित्र लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए।

विधायक ने बताया कि उन्हें कई दिनों से इसकी शिकायत मिल रही थी। उन्होंने रविवार को एक कार्यकर्ता को बोगस ग्राहक बनाकर भेजा, तो उससे भी एक कॉपी का दस रूपए लिया। इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए विधायक ने मौके पर पहुंचकर प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने मौके से ही संभागीय आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को फोन किया। विधायक ने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों के साथ अन्याय किसी स्थिति में सहन नहीं किया जायेगा। विधायक ने संभागीय आयुक्त से पूरे प्रकरण की जांच करने और ई-मित्र संचालक का लाइसेंस निरस्त करने के लिए कहा।

उन्होंने वहां मौजूद लोगों को निर्धारित शुल्क से अधिक राशि नहीं देने की अपील की और वहां मौजूद लोगों को अपने मोबाइल नंबर देते हुए कहा कि ऐसी शिकायत दोबारा होने पर उन्हें तत्काल सूचित किया जाए।

## राहुल जादुसंगत प्रवक्ता नियुक्त

**बीकानेर।** डॉ. अम्बेडकर जयंती मुख्य समारोह समिति के सरंक्षक शिवलाल तेजी की सहमति एवं जिलाध्यक्ष महेन्द्र मेघवाल के निर्देशन में राहुल जादुसंगत को डॉ. अम्बेडकर जयंती मुख्य समारोह समिति का प्रवक्ता नियुक्त किया जाता है एवं आगामी आदेश तक ये ही समिति के प्रवक्ता रहेंगे। मुख्य सामारोह समिति के जिला अध्यक्ष महेंद्र मेघवाल ने समिति का विस्तार करते हुए का भैराराम जाखटीया, अत्ताउल्ला खान, पुनित ढाल, बी. प्रकाश सांसी को सदस्य बनाया है।


राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्र. :- नियमन/2025/ आपत्ति सूचना दिनांक : 5.4.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 4 जैड मुरब्बा नं. 68 के किला नं. 18 में भूखण्ड माप 22'-0'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री सूर्य प्रताप पुत्र श्री चन्द पाल निवासी गोविन्द नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री सूर्य प्रताप पुत्र श्री चन्द्र पाल निवासी गोविन्द नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 4 जैड मुरब्बा नं. 68 के किला नं. 18 में भूखण्ड माप 22'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 14624693 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर


# मारवाड़ जन सेवा समिति की पीबीएम अस्पताल में जल सेवा सुविधा का शुभारंभ



विधायक जेठानंद व्यास व शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने पीबीएम अस्पताल परिसर में मारवाड़ जन सेवा समिति की ओर से शुरू की गई जल सेवा सुविधा का शुभारंभ किया।

- मरीजों के परिजनों को पानी के लिए कहीं अन्यत्र जाना नहीं पड़ेगा
- समिति की ओर से जल सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी

**बीकानेर,** (कासं)। विधायक जेठानंद व्यास, श्याम पंचारिया और पीबीएम अधीक्षक डॉ सुरेंद्र वर्मा ने रविवार को पीबीएम अस्पताल में मारवाड़ जन सेवा समिति द्वारा मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए शुरू की गई जल सेवा का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक व्यास ने कहा कि प्रचंड गर्मी के मौसम में शुरू की गई यह सेवा मरीजों और उनके परिजनों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं की जा रही है। इसमें भामाशाहों और स्थानीय दानदाताओं द्वारा किया जा रहा सहयोग भी सराहनीय है। उन्होंने मारवाड़ जन सेवा समिति सहित सहयोगी संस्थाओं का आभार जताया।

श्याम पंचारिया ने कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा प्याऊ, कुएं और बावडियों का निर्माण करवाया जाता था। आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम यथा सामर्थ्य छोटा-छोटा सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनाना अस्पताल के ठीक आगे मरीजों के परिजनों के लिए यह सुविधा होने के कारण उन्हें कहीं अन्यत्र जाना नहीं पड़ेगा।

मारवाड़ जन सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश व्यास ने बताया कि संस्था द्वारा गोमा देवी चमडिया चैरिटेबल ट्रस्ट तथा सुंदरलाल डागा ट्रस्ट सहित अनेक संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न व्यवस्थाएं की गई हैं। शीतल जल की यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। उन्होंने संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाले पंखे सहित अन्य सेवाओं की जानकारी दी। इस दौरान डॉ एल. के. कपिल, हरि किशन सिंह राजपुरोहित, चंदन ठाकुर, महेन्द्र चांवरिया, राज नारायण मोदी, लाल चन्द पटेर आदि उपस्थित थे।

## किसान पर दांती से हमला

**अनूपगढ़,** (कासं)। रावला मंडी के गांव 7 केएनडी में रविवार दोपहर गेहूं की कटाई को लेकर हुए विवाद में एक वृद्ध किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। जानकारी के अनुसार, 60 वर्षीय मनफूल राम ने अपनी ठेके की जमीन काश्तकार गगनदीप को पांचवे हिस्से पर दी थी। रविवार को जब मनफूल राम खेत में पहुंचे और कटाई हाथ से करवाने को कहा तो गगनदीप भड़क गया। वह मशीन से कटाई करना चाहता था। इस बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। गुस्से में आए गगनदीप ने फसल काटने वाले औजार दांती से मनफूल राम पर हमला कर दिया। पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने घायल मनफूल राम को तुरंत रावला के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मनफूल राम को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया।


आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्यस्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA)जयपुर (राज.)के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC3/MIN/R.EC/03251 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या SEC24CO108RJ5393154N दि.30.3.2025 के द्वारा श्री नरेन्द्र कुमार देवड़ा को नि.ग्रा नाल छोटी तहसील एवं जिला बीकानेर में स्थित खनन पट्टा एवं जिला, बीकानेर में स्थित खनन पट्टा MLNO,01/2007 क्षेत्र 4.257 हैक्टेयर वास्ते खनिज बाल क्ले, फायर क्ले के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के बीकानेर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाईट www.environmentclearance.nic.in एवं https//parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

प्रबंधक

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्यस्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA)जयपुर (राज.)के पत्र क्रमांक RJ/25/SEAC2ö06)MIN/R.EC/1131 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या SEC24CO108RJ5394998N दि.02.3.2025 के द्वारा मैसर्स श्री हरिश क्लेज को नि.ग्रा इन्दावड तहसील मेड़ता जिला नागौर में स्थित खनन पट्टा MLNO,28/2005 क्षेत्र 4.9522 हैक्टेयर वास्ते खनिज चायना क्ले के लि पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के नागौर कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाईट www.environmentclearance.nic.in एवं https://parivesh.nic.in के पर देखी जा सकती है।

प्रबंधक



जब मुझे 2018 में केकेआर ने 80 लाख रुपये में खरीदा था, तो वह रकम मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत बड़ी थी। इसलिए मैंने यह टैटू बनवाया है, उससे पहले हमारे पास ज़्यादा पैसे नहीं थे। मेरे परिवार की ज़िंदगी पूरी तरह बदल गई। - रिंकू सिंह

केकेआर बल्लेबाज, अपने हाथ पर गुदे टेटू के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## हार्दिक पांड्या



लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 12 रन की हार में तिलक वर्मा को रिटायर्ड आउट करने और उनकी जगह मिशेल सेंटनर को लाने के लिए मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने और कप्तान हार्दिक पांड्या सवालों के घेरे में आ गए हैं। तिलक गेंद को बीच में नहीं ले पा रहे थे और जब मुंबई को तेजी से रन बनाने की जरूरत थी, तब संघर्ष कर रहे थे। 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को रिटायर्ड आउट कर दिया गया और उनकी जगह न्यूजीलैंड के बल्लेबाज को भेजा गया। शार्दुल ठाकुर के ओवर की छठी गेंद पर सेंटनर ने डबल रन लिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** फ्रांस के फुटबॉलर जस्ट फॉन्टेन ने 1958 के टूर्नामेंट में कुल 13 गोल के साथ एक फीफा विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बनाया है।

# सिराज और गिल के कमाल से गुजरात की आसान जीत

हैदराबाद, 6 अप्रैल। मोहम्मद सिराज (17 रन पर चार विकेट) की नेतृत्व में अनुशासित गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल (61 नाबाद) और वशिंगटन सुंदर (49) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 20वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ सात विकेट से आसान जीत दर्ज की।

हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये आठ विकेट पर 152 रन बनाये जिसके जवाब में गुजरात ने विजय लक्ष्य 14.2 ओवर के खेल में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। हैदराबाद की पांच मैचों में यह चौथी हार है जबकि गुजरात ने अब तक चार में से तीन मैच जीतकर अंकतालिका की दूसरी पायदान पर जगह बना ली है। गुजरात की जीत में सिराज और गिल की भूमिका अहम रही। सिराज ने चार विकेट झटक कर मेजबान टीम को 152 रनों पर सीमित कर दिया वहीं गिल ने साई सुदर्शन (5) और जॉस बटलर (0) का विकेट जल्दी गिरने के बावजूद संयम बना कर रखा और अंत तक क्रीज में डट कर दूसरे छोर पर पहले सुंदर और बाद में शरफ़ेन रदरफ़ोर्ड (16 गेंद पर 35 रन) की हौसलाफजाई की। सुंदर अपना अर्धशतक पूरा करने से चूके मगर उनके रहते गुजरात को जीत की सुगंध मिल चुकी थी। गिल ने अपनी नाबाद अर्धशतकीय पारी के दौरान 43 गेंद खेलकर नौ बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया।



दूसरी ओर आईपीएल के मौजूदा सत्र में अब तक निराशाजनक प्रदर्शन कर रही हैदराबाद से उनके घरेलू मैदान पर प्रशंसकों ने एक बड़े स्कोर की उम्मीद थी मगर तीन हारों को झेलने वाली पैट कमिंस की टीम पर दवाब पहले ही ओवर से नजर आ रहा था जिस पर सिराज ने पहले स्पेल में ओपनर ट्रैविस हेड (8) और अभिषेक शर्मा (18) को विकेट लेकर मेजबान टीम को करारा झटका दे दिया। अभी टीम का स्कोर 50 रन ही पहुंचा था कि इशान किशन (17) प्रसिद्ध कृष्णा की लेग स्टंप पर बैक ऑफ लेंथ को पुल करने के प्रयास में डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े फील्डर को कैच थमा बैठे।

नीतिश कुमार रेड्डी (31) और हाइनरिक क्लासेन (27) ने हालांकि 50 रन की साझीदारी कर टीम के स्कोर को तीन अंकों तक पहुंचाया मगर इस बीच इन फार्म क्लासेन साई किशोर की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गये। क्लासेन के आउट होने के बाद रेड्डी का आत्मविश्वास लड़खडाया,नतीजन वह साई किशोर के अगले ओवर में अपना विकेट गंवा बैठे। पिछले मैच में जुझारु प्रदर्शन करने वाले कामिंडु मेंडिस (1) प्रसिद्ध कृष्णा का दूसरा शिकार बने जबकि अनिकेत वर्मा (18) और सिमरजीत सिंह (0) का विकेट सिराज के हाथ लगा। कप्तान पैट कमिंस 22 रन बना कर नाबाद लौटे।



# पीएसजी ने बिना किसी हार के 13वीं बार फ्रांसीसी लीग का खिताब जीता

जर्मनी, 6 अप्रैल। पीएसजी ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार को यहां एंजर्स को 1-0 से हराकर छह मैच शेष रहते हुए ही फ्रांसीसी फ़ुटबॉल लीग (लीग 1) का खिताब अपने नाम पर सुरक्षित किया। पीएसजी का यह लीग 1 में 13वां खिताब है और इस तरह से उसने अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उसकी यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने चैंपियन बनने की राह तक एक भी मैच नहीं गंवाया। ट्रॉफी अपने नाम पर सुरक्षित करने के लिए उसको एंजर्स के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन युवा स्ट्राइकर डेसिरे डौए के गोल की मदद से उसने जीत के साथ जश्न मनाया। मैच समाप्त होने के बाद पीएसजी के खिलाड़ियों ने कोच लुई एनरिक को कंधों पर उठा दिया। पीएसजी की यह 28 मैच में 23वीं जीत है और उसने दूसरे स्थान पर काबिज मोनाको पर 24 अंक की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। पीएसजी के 74 और मोनाको के 50 अंक हैं। मोनाको को एक अन्य मैच में ब्रेस्ट ने 2-1 से हराया। पीएसजी ने अपने अभियान में अभी तक 80 गोल किए हैं जबकि उसने केवल 26 गोल खाए हैं।

## मजबूत आरसीबी के खिलाफ घरेलू मैदान का लाभ लेने की कोशिश करेगी मुंबई इंडियंस

मुंबई, 6 अप्रैल। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 20वें मैच में अपने लड़खड़ाते अभियान को पुनर्जीवित करने के लिए सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपने घरेलू मैदान का लाभ लेने की कोशिश करेगी। मुंबई ने मौजूदा सत्र में अब तक खेले गये चार मैचों में सिर्फ एक में जीत हासिल की है। एमआई के स्तरहीन प्रदर्शन के चलतेटीम के संतुलन और नेतृत्व पर सवाल उठने शुरु हो गये हैं। कप्तान के रूप में हार्दिक पांड्या की वापसी सीजन की खराब शुरुआत के साथ हुई है हालांकि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्होने पांच विकेट लेकर फॉर्म की झलक दिखाई है। मुंबई के खराब प्रदर्शन का कारक टीम सामंजस्य की कमी दिखायी दे रही है। उनकी बल्लेबाजी लय में नहीं रही है। शीर्ष क्रम एकजुट होकर फायर करने में विफल रहा है। पिछले मैच में चोट के कारण मैदान पर नहीं उतरने वाले रोहित शर्मा अभी तक फॉर्म में नहीं हैं। टीम में एकमात्र सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 57 की औसत और 161.32 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए हैं, तथा अपने आसपास की बल्लेबाजी के पतन के बीच भी वे डटे हुए हैं।

### आरसीबी के खिलाफ मुकाबले से पहले मुंबई इंडियंस से जुड़े बुमराह

मुंबई, 6 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में 4 में से 3 मैच गंवा चुकी मुंबई इंडियंस को एक बड़ी ताकत मिलने वाली है। बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मेडिकल टीम से फिटनेस क्लीयरेंस मिलने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 5 बार की चैंपियन टीम के स्क्वॉड से जुड़ गए हैं। मुंबई इंडियंस को सोमवार को आरसीबी से भिड़ना है। इस मैच में जसप्रीत बुमराह के खेलने पर संशय है।बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान सिडनी में चोटिल होने के लगभग तीन महीने बाद जसप्रीत बुमराह मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्हें मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2025 में खेलने के लिए फिट घोषित किया गया है। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर रेडी टू रोअर शीर्षक से एक वीडियो शेयर कर बुमराह के कैंप से जुड़ने की पुष्टि की है। ऑस्ट्रेलिया वर्कलोड ज्यादा होने के बाद पीठ में सूजन के कारण से बुमराह को घरेली सरजमीं पर इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर होना पड़ा था। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी से भी टीम बाहर हो गए थे। बुमराह को पहले भी पीठ की समस्या रही है।

# धोनी ने आईपीएल से संन्यास की अटकलों को किया खारिज

चेन्नई, 6 अप्रैल। भारत के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने रविवार को खुद के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से सन्यास की अटकलों को खारिज करते हुये कहा कि मौजूदा संस्करण के बाद अपनी फिटनेस के आधार पर वह अगले सीजन में खेलने का फैसला करेंगे।

पॉडकास्ट में आईपीएल से संन्यास के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए धोनी ने कहा, मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं और मैंने इसे बहुत सरल रखा है। मैं एक बार में एक साल के लिए खेलता हूं। मैं अभी 43 साल का हूं और जुलाई में जब यह सीजन खत्म होगा, तब तक मैं 44 साल का हो जाऊंगा। इसलिए, मेरे पास यह तय करने के लिए लगभग 10 महीने हैं कि मैं एक और साल खेलना चाहता हूं या नहीं। उन्होंने कहा, यह वास्तव में इस बारे में नहीं है कि मैं क्या चाहता हूं। यह शरीर है जो आपके लिए निर्णय लेता है। मैं क्रिकेट जारी रख सकता हूं या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि मैं शारीरिक रूप से कैसा महसूस करता हूं। फिलहाल, मैं इस बात पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर रहा हूं कि इस सीजन में क्या करने की जरूरत है।



मौजूदा आईपीएल सीजन में धोनी के मामूली प्रदर्शन के बीच रिटायरमेंट की चर्चा जोर पकड़ रही है। हालांकि अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज चार मैचों में केवल एक बार आउट हुए हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक बल्ले से कोई खास प्रभाव नहीं डाला है या कोई पारी पूरी तरह से खत्म नहीं की है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में धोनी ने 26 गेंदों पर 30 रन बनाए, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स 50 रनों से हार गई। अपने पहले चार मैचों में से केवल एक जीत के साथ, सीएसके दबाव में है, और उन्हें इस सीजन में शीर्ष चार में जगह बनाने के लिए कई समायोजन करने होंगे।

अपने क्रिकेट के सफर के बारे में धोनी ने कहा कि क्रिकेट की दुनिया में उनकी सफलता कड़ी मेहनत और अनगिनत व्यक्तियों के समर्थन का परिणाम हैं। उन्होंने कहा, स्कूल के दिनों से ही मेरे माता-पिता, मेरे खेल शिक्षक और वे लोग जिनके साथ मैंने अपने शुरुआती मैच खेले, सभी ने इसमें भूमिका निभाई। यहां तक कि टेनिस-बॉल क्रिकेट ने भी मुझे कई चीजें सिखाईं, हालांकि इसमें भी कुछ अजीबोगरीब चीजें हैं। 2011 विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि असफलताएं खेल का हिस्सा हैं, लेकिन जो मायने रखता है वह वापसी करने की क्षमता है। धोनी ने कहा, जीवन में कोई बड़ा या छोटा अवसर नहीं होता। सभी मायने रखते हैं। मैं कई लोगों का आभारी हूं। कुछ को तो यह भी नहीं पता होगा कि मैं उनका आभारी हूं। लेकिन सबसे बढ़कर, यह क्रिकेट ही था जिसने मुझे जीतने की इच्छाशक्ति दी।

## मैं निर्दोष हूं और डोपिंग प्रतिबंध अनुचित है : जैनिक सिनर



रोम, 6 अप्रैल। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर ने कहा कि वह निर्दोष हैं और टेनिस से उन पर तीन महीने का डोपिंग प्रतिबंध सरासर अनुचित है। 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी पिछले साल ड्रग परीक्षणों में पाजिटिव पाये गये थे जिसके बाद विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने उन पर फरवरी में प्रतिबंध लगा दिया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, वाडा ने स्वीकार किया कि सिनर को प्रतिबंधित पदार्थ से कोई प्रतिस्पर्धात्मक लाभ नहीं मिला और आकस्मिक संदूषण के लिए वह दोषी नहीं है। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले सिनर को नौ फरवरी से 4 मई तक के लिए निलंबित कर दिया गया है। वह वर्ष के अगला ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन में खेलने के लिए पात्र होंगे, जो 19 मई से शुरू हो रहा है। शनिवार को स्काई स्पोर्ट्स के साथ एक साक्षात्कार में सिनर ने कहा कि उन्होंने प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है, भले ही वह इससे सहमत नहीं थे। उन्होने कहा कि उन्हे सबसे कम खराब विकल्प चुनना था। सिनर ने कहा, मैंने जो कुछ भी झेला है, वह थोड़ा अनुचित है, लेकिन अगर हम स्थिति को देखें तो यह और भी बदतर हो सकता था। हमारे द्वारा निर्णय लिए जाने के बाद मुझे अपने पैरों पर खड़े होने में थोड़ा समय लगा। मुझे पता है कि क्या हुआ था और मैं निर्दोष हूँ। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद से कोर्ट से दूर रहने के बावजूद, सिनर अभी भी एटीपी टूर की विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर हैं, जबकि कार्लोस अल्काराज़ और अलेक्जेंडर ज़ेवरेव उनकी अनुपस्थिति का फ़ायदा नहीं उठा सके हैं।

# राजस्थान रॉयल्स की सलामी जोड़ी शानदार : क्लार्क

मुबंई, 6 अप्रैल। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और टीवी कमेंटेटर माइकल क्लार्क ने टाटा आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुये कहा कि यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी अदभुद है और यह किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखती है।

क्लार्क ने कहा जयसवाल ने आज शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि वह पहले के मैचों की तुलना में शुरुआत में थोड़ा ज़्यादा सतर्क थे। कुछ अच्छे शॉट्स ने उसे आत्मविश्वास दिया और वहीं से गति पकड़ी। अगर आप उसके वैगन व्हील को देखें, तो वह पार्क के चारों ओर शॉट मारता है। उसे लेग साइड पसंद है, लेकिन कीपर के ऊपर से ऊपर की ओर शॉट मारना और उसका कवर ड्राइव उसके पास सभी शॉट हैं। अगर वह खुद को बस कुछ गेंदें दे, यहाँ तक कि पहले ओवर में ज़मीन पर हिट करने की कोशिश करे, तो वह बहुत विनाशकारी हो सकता है। उन्होने कहा राजस्थान रॉयल्स एक अलग टीम है जब उनका ओपनिंग कॉम्बिनेशन आग उगलता है। वे बहुत शक्तिशाली हैं। रियान पराग के बारे में संजय मांजरेकर ने कहा मुझे वाकई लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के लिए रियान पराग की पारी और भी महत्वपूर्ण थी। हाँ, जायसवाल ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी, लेकिन वह 14वें ओवर में आउट हो गए। उसके बाद, पराग ने अपना समय लिया और मुझे थोड़ी चिंता हुई कि शायद वह बहुत धीमी गति से खेल रहे हैं, लेकिन फिर उन्होंने धमाका कर दिया। अब वह जानते हैं और भरोसा करते हैं कि वह धीमी शुरुआत की भरपाई कर सकते हैं। पहली 13 गेंदों में उनका स्ट्राइक रेट 100 से थोड़ा ज़्यादा था।



अगली 13-14 गेंदों में यह 200 के करीब था। उस पारी ने राजस्थान रॉयल्स को एक बेहतरीन स्थिति में पहुँचा दिया। क्लार्क ने कहा मुझे लगता है कि राजस्थान रॉयल्स ने 200 रन तक पहुँचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया, यह वास्तव में एक अच्छा स्कोर था। पंजाब किंग्स शायद निराश होंगे कि उन्होंने इतने रन दिए। लेकिन जोफ्रा आर्चर की पहली गेंद ने वास्तव में राजस्थान रॉयल्स के लिए लय तय कर दी। यह एक बेहतरीन गेंद थी। फिर श्रेयस ने दो अविश्वसनीय कवर ड्राइव लगाए लेकिन फिर, वह तेज़ उछाल... इसने उन्हें बैकफुट पर ला दिया।

## राजस्थान राज्य कैरम प्रतियोगिता का आयोजन टोंक में 12 अप्रैल से

जयपुर, 6 अप्रैल। राजस्थान राज्य कैरम एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला कैरम संघ, टोंक के सहयोग तथा प्रायोजन से राजस्थान राज्य कैरम प्रतियोगिता 2025-2026 का आयोजन टोंक में 12 से 14 अप्रेल तक होटल लक्ष्मी विलास, कोटा जयपुर बाई पास रोड, टोंक में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में केवल पुरुष वर्ग की कैरम की सिंगल्स एवं डबल्स की स्पर्धाएं खेली जाएंगी। राजस्थान राज्य कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज खत्री ने बताया कि राजस्थान राज्य के सभी जिला कैरम संघ अपनी प्रविष्टि फज़ल अहमद - 9309406179, अंसार खान - 9166109640, फैसल खान - 7014630662 को दे सकते हैं। इस प्रतियोगिता की प्रविष्टि शुल्क सिंगल्स रु.300/- तथा डबल्स रु. 400/- होगा। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 14 अप्रैल, 2025 को आयोजित होगा।

# मुक्केबाजी विश्वकप में भारत का अभियान समाप्त, भारतीय मुक्केबाजों ने जीते 6 पदक

ब्राजील, 6 अप्रैल। भारत का ब्राजील के फोड डू इगुआकू में आयोजित वर्ल्ड कप अभियान 6 पदकों के साथ समाप्त हुआ। भारतीय मुक्केबाजों ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें हितेश द्वारा जीता गया गोल्ड पदक भी शामिल है। भारत विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित किसी शीर्ष स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रहा था।

हितेश ने इस टूर्नामेंट में गोल्ड अपने नाम किया और वह विश्व मुक्केबाजी कप में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। दरअसल, उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके। भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन स्थानीय दावेदार यूरी रेइस को कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



हितेश ने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में आयोजित 10 दिवसीय तैयारी शिविर को दिया जिससे उन्हें और टीम को बहुत मदद मिली। हितेश ने कहा कि, शिविर ने मुझे कुछ रणनीतिक बारीकियां सीखने में मदद की जिससे मुझे प्रतियोगिता में बहुत मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर का अनुभव प्रदान किया और मुझे खुशी है कि मैं गोल्ड मेडल जीत सका।

# जयपुर में आयोजित होगा बीसीसीआई अंडर 16 एनसीए के विशेष प्रशिक्षण शिविर

जयपुर, 6 अप्रैल। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के अनुसार बीसीसीआई द्वारा घरेलु क्रिकेट सत्र की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले विभन्न आयु वर्ग के खिलाडियों की प्रतिभा को ओर अधिक सुदृढ़ करने हेतु एनसीए के अंतर्गत देश के विभिन्न केंद्रों पर एनसीए सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस केन्दों के स्थापन की गयी है जिसमे चयनित खिलाडियों को बीसीसीआई द्वारा अनुभवी कोचों की निगरानी में रच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। बिहाणी के अनुसार बीसीसीआई द्वारा इस बार भी जयपुर को अंडर 16 एनसीए के विशेष प्रशिक्षण शिविर (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस) की मेजबानी सौपी गयी है। एनसीए अंडर 16 प्रशिक्षण शिविर आगामी 18 अप्रैल से 14 मई 2025 के दौरान आरसीए अकादमी, सवाई मान सिंह स्टेडियम पर आयोजित किया जायेगा जिसमे बीसीसीआई द्वारा नियुक्त अनुभवी कोचों की निगरानी में बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले देश के युवा अंडर 16 खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। एडहॉक कमेटी संयोजक बिहाणी के अनुसार आरसीए ने बीसीसीआई अंडर 16 एनसीए के विशेष प्रशिक्षण शिविर (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस ) के आयोजन हेतु राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् को पूर्व की भांति सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित आरसीए अकादमी को राजस्थान क्रिकेट संघ को उपलब्ध कराने हेतु पत्र लिखकर अनुरोध कर दिया है जिससे जयपुर में बीसीसीआई अंडर 16 एनसीए के विशेष प्रशिक्षण शिविर (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस) का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा सके।

## घटिया स्पोर्ट्स किट बांटने की जांच होगी : दिलावर

झुंझुनू, 6 अप्रैल। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों में वितरित की गयी घटिया गुणवत्ता वाली स्पोर्ट्स किट की जांच कराई जायेगी। दिलावर ने रविवार को राजस्थान में झुंझुनू जिले के टमकोर गांव स्थित महाप्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जो भी व्यक्ति, अधिकारी कर्मचारी इस घोटाले में दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

राज्य में सरकारी विद्यालयों में बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल किट वितरित किए गये है। खेल किट में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आ रही हैं। राज्य के 1544 विद्यालयों में ये किट भेजे गए। इन खेल किटों की गुणवत्ता अत्यंत निम्न पाई गई है और इनमें कई महत्वपूर्ण खेल सामग्रियां भी नहीं हैं। प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने भी किट में मौजूद सामान की गुणवत्ता और कमी को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की है।

5वीं राजस्थान पुरुष फुटबॉल लीग

# जयपुर एलीट फुटबाल क्लब का विजयी आगाज

जयपुर, 6 अप्रैल। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज उद्घाटन के दिन 5 मैच खेले गए जिसमें सभी टीमों ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया।ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ग्राउंड गाड़ोता, रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड और गांव जैरथी सीकर में खेले गए। सभी 110 मैचों को होम अवे के सिद्धांत से खेले जाएंगे।

**प्रथम मैच :-** में ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब और रीयल जयपुर फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया मैच ब्रदर्स यूनाइटेड ने रीयल जयपुर को 3 गोल से हराया।

दूसरे मैच :-राजस्थान राइजिंग फुटबॉल क्लब और जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया जयपुर एलिट ने मैच 9-0 से जीता। आज रॉयल फुटबाल क्लब के मैदान में भी दो मैच खेले गए। तीसरा मैच: रॉयल फुटबाल क्लब और सिटी वालव्स फुटबाल क्लब के बीच खेला गया रॉयल क्लब ने मैच 4-1 से जीता। चौथे मैच में जिंक फुटबाल अकादमी ने सनराइज फुटबाल क्लब को 2-0 से पराजीत किया। गांव जैरथी सीकर में खेले गए आज के मैच।



पांचवें मैच में राइजिंग जयपुर फुटबाल क्लब और जैरथी फुटबाल क्लब सीकर के बीच खेला गया जिसमें राइजिंग जयपुर फुटबाल ने मैच को 1-0 से जीत हासिल की। आगामी फुटबाल लीग के मैच 8 अप्रैल को खेले जाएंगे।

## महिला क्रिकेट विश्वकप के लिये अंतिम दो टीमों की किस्मत होगी तय

लाहौर, 6 अप्रैल। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में अब कुछ ही महीने बचे हैं और 19 अप्रैल तक सभी आठ टीमें टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर लेंगी। भारत समेत छह टीमे पहले से ही विश्वकप के लिये क्वाईफाई कर चुकी हैं जबकि अन्य दो की किस्मत का फैसला क्वाईफायर से होगा। आईडब्ल्यूसी 2022-25 में दस देशों ने तीन साल की अवधि में प्रतिस्पर्धा की थी जिसमें 18 जीत और सिर्फ़ तीन हार के साथ, ऑस्ट्रेलिया भारत से दो अंक ऊपर रहा, जबकि इंग्लैंड शीर्ष तीन में रहा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ने 2022 में क्राइस्टचर्च में रिकॉर्ड तोड़ फाइनल खेला, जबकि भारत ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ पाया। कई बार विजेता ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के अलावा महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली एकमात्र अन्य टीम न्यूजीलैंड है, जिसमें 2000 में घरेलू धरती पर जीत हासिल की थी।



*केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पावटा में 108 कुण्डीय महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ की महापूर्णाहुति एवं सनातन सम्मेलन में भाग लिया। इससे पहले उन्होंने श्री श्री 1008 सिद्ध योगी बाबा बालनाथ जी की समाधि के दर्शन किए।*

# महायज्ञ सामाजिक समरसता व पर्यावरण संरक्षण का अनूठा प्रयास है- अमित शाह

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री भजनलाल ने एक वर्ष से चल रहे महायज्ञ की महापूर्णाहुति में भाग लिया

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ब्रह्मलीन बाबा बालनाथ का जीवन मानव कल्याण के लिये समर्पित रहा तथा इस प्रकार के आयोजनों से उन्होंने सनातन संस्कृति को मजबूत बनाने का कार्य किया।**

कोटपूतली-बहरोड़/जयपुर, 6 अप्रेल। रविवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पावटा में 108 कुण्डीय महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ की महापूर्णाहुति एवं सनातन सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि विगत एक वर्ष से चल रहे 108 कुण्डीय महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ के माध्यम से बाबा बस्तीनाथ जी ने समाज के हर वर्ग को जोड़ने का महान कार्य किया है। समाज को जोड़ने, व्यक्तियों को धर्ममय बनाने और पर्यावरण की सेवा करने का यह अनूठा प्रयास है। उन्होंने कहा कि अनेक भक्तों ने बाबा बालनाथ आश्रम में आकर नशामुक्ति की प्रतिज्ञा की और सामाजिक समरसता को बढ़ाने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि बाबा बालनाथ जी ने सत्य व तपस्या में विष्वास रखने, वैराग्य और सेवा को जीवन का आधार बनाने, प्राकृतिक जीवन जीने तथा प्राणिमात्र की सेवा करने का संदेश दिया। उनकी इस विरासत को बाबा बस्तीनाथ आगे बढ़ा रहे हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'विकास के साथ विरासत' की भावना को साकार करते हुए राज्य सरकार भी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उन्नित के लिए कार्य कर रही है।

शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का नेतृत्व और दूरदर्शिता देश के लिए एक मिसाल है। बतौर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा को अभेद्य बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिद्ध योगी ब्रह्मलीन बाबा बालनाथ जी महाराज का जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा तथा इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से उन्होंने सनातन संस्कृति को मजबूत बनाने का कार्य किया।

इससे पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने श्री श्री 1008 सिद्ध योगी बाबा बालनाथ जी के समाधि स्थल के दर्शन कर पुष्प अर्पित किए। इसके पश्चात उन्होंने यज्ञशाला में एक वर्ष से अनवरत चल रहे 108 कुण्डीय महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ में पूर्णाहुति दी एवं आमजन की खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात् बाबा बालनाथ आश्रम में धूणी दर्शन कर पंचमुखी महाकाल मंदिर में आरती की। इस अवसर पर राजस्व एवं उपनिवेशन राज्य मंत्री विजय सिंह, सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विधायक कुलदीप धनखड़, हंसराज पटेल, देवी सिंह शेखावत तथा श्री श्री 108 बाबा बस्तीनाथ जी महाराज सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# ट्रम्प की विवादास्पद नीतियों के खिलाफ अमेरिकी शहरों में विरोध प्रदर्शन

## अर्थव्यवस्था, इमिग्रेशन व मानवाधिकार के मुद्दों पर अमेरिकी प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे

- **नागरिक अधिकार संगठनों, श्रमिक संघों तथा सेवानिवृत्त सैनिकों के संघ सहित 150 से अधिक समूहों के गठबंधन ने अमेरिका में 1400 से अधिक विरोध प्रदर्शन किये।**

न्यूयॉर्क, 6 अप्रैल। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के प्रशासन द्वारा जनवरी से लागू की गई विवादास्पद नीतियों के खिलाफ गत दिवस अमेरिका के दर्जनों शहरों में विरोध प्रदर्शन किया गया।

अर्थव्यवस्था, इमिग्रेशन और मानवाधिकारों के मुद्दे पर ट्रम्प का विरोध करने के लिए प्रदर्शनकारियों की भीड़ सड़कों पर उतरी।

नागरिक अधिकार संगठनों, श्रमिक संघों और सेवानिवृत्त सैनिकों के संघों सहित 150 से अधिक समूहों के गठबंधन द्वारा आयोजित इस समन्वित कदम के परिणामस्वरूप पूरे देश में 1,400 से अधिक विरोध प्रदर्शन हुए।

प्रदर्शनकारी, राज्य की राजधानियों, संघीय भवनों, कांग्रेस कार्यालयों, सामाजिक सुरक्षा प्रशासन मुख्यालयों, नगर भवन और सार्वजनिक पार्क में एकत्रित हुए।

"हैंड्स ऑफ" के बैनर तले किए गए इस आंदोलन में कई तरह के विरोध प्रदर्शन और नारे शामिल थे, जैसे "कुलीनतंत्र का अंत करो", "फ़्रीजा को जीने दो" और "सामाजिक सुरक्षा बचाओ।" अभियान की आधिकारिक वेबसाइट 2025. पर एक लेख में कहा गया कि ट्रंप, मस्क और उनके अरबपति मित्र हमारी सरकार, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे मूल अधिकारों पर पूर्ण आक्रमण की योजना बना रहे हैं, जिसे हर कदम पर कांग्रेस द्वारा समर्थित किया जा रहा है।

कुछ निर्वाचित अधिकारी भी इस अभियान में शामिल हुए। बॉस्टन की मेयर मिशेल वू ने कहा, वह नहीं चाहतीं कि उनके बच्चे और अन्य लोग ऐसी दुनिया में रहें जहां धमकी और भय ही सरकार का साधन हो और विविधता और शांति जैसे मूल्यों पर हमला हो।

आयोजकों के अनुसार, लगभग 600,000 लोगों ने "हैंड्स ऑफ" आंदोलन के लिए हस्ताक्षर किए हैं।

पदभार ग्रहण करने के बाद से ट्रम्प प्रशासन को व्यापक नीतिगत परिवर्तनों के लिए भारी आलोचना का सामना करना पड़ा है, जिसमें संघीय एजेंसियों में बड़े पैमाने पर छंटनी, आप्रवासियों का निर्वासन, बजट में भारी कटौती और कई देशों पर टैरिफ लगाना शामिल है।

# भाकपा ने वक्फ पर महागठबंधन की बैठक की मांग की

- **पार्टी के बिहार राज्य सचिव ने सभी घटक दलों को पत्र भेजा।**

पटना, 06 अप्रैल। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने वक्फ कानून में संशोधन से उत्पन्न स्थिति पर विचार करने के लिए महागठबंधन की बैठक बुलाने के लिए सभी घटक दलों को पत्र लिखा है।

भाकपा के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा धार्मिक संस्थानों की स्वायत्तता को समाप्त कर संशोधित वक्फ कानून बनाए जाने से उत्पन्न स्थिति पर विचार करने के लिए महागठबंधन के घटक दलों, राजद, कांग्रेस, माकपा और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) को पत्र भेजा गया है। पांडेय ने अपने पत्र में कहा कि केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा बनाए गए संशोधित वक्फ कानून पूरी तरह असंवैधानिक है क्योंकि यह वक्फ पर चुनिंदा प्रतिबंध लगाकर संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है। यह कानून अनुच्छेद 25 तथा अनुच्छेद 26 की भी अवहेलना करता है। उन्होंने कहा कि यह संशोधित कानून साम्प्रदायिक तनाव को भड़काने और आर्थिक संकट और बेरोजगारी जैसे वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने की रणनीति है।

## चारधाम यात्रा मार्ग पर शुद्ध भोजन मिलेगा

देहरादून, 6 अप्रैल। चारधाम यात्रा मार्ग के होटल-ढ ाबों में इस बार तीर्थ यात्रियों को ना सिर्फ स्वच्छ और शुद्ध भोजन मिलेगा, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के अनुसार होटल कारोबारी भोजन में तेल, नमक और चीनी का प्रयोग भी कम करने का प्रयास करेंगे। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम के लिए भी तीर्थ यात्रियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग ने यात्रा प्रारंभ होने से पहले ही यात्रा मार्ग के होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ व्यापक स्तर पर संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस बार सभी विभागों को 'हरित चारधाम यात्रा' थीम पर, यात्रा संचालित करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त ने बताया कि इन कार्यशालाओं में होटल कारोबारियों से अपने भोजन में तेल, नमक और चीनी का उपयोग कम करने की अपील की जा रही है।

# उपमुख्यमंत्री शिवकुमार कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष भी बने रहेंगे

- **राहुल गांधी से मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व शिकुमार की मुलाकात के बाद हाईकमान ने निर्णय लिया**
- **पिछले कुछ समय से सिद्धारमैया के समर्थक, कुछ विधायक व मंत्री "एक व्यक्ति एक पद" के आधार पर शिवकुमार को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाने की मुहीम चला रहे थे।**

बंगलूरू, 06 अप्रैल। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस में सत्ता संघर्ष खत्म होता दिख रहा है। कांग्रेस सूत्रों ने रविवार को बताया कि, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में बनाए रखने का निर्णय लिया है। ज्ञातव्य है कि पिछले कई महीनों से पार्टी के अंदर शीर्ष पद को लेकर कलह चल रही थी।

शिवकुमार मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ पिछले गुरुवार और शुक्रवार को दिल्ली गए थे। जहां उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि शिवकुमार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने की मुहिम चल रही थी।सिद्धारमैया के खेमे के कई विधायक और मंत्री शिवकुमार को पार्टी के राज्य अध्यक्ष पद से हटने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि पार्टी नीति, एक व्यक्ति, एक पद का पालन होना चाहिए।

ज्ञातव्य है कि डीके शिवकुमार राज्य के उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष, दोनों पदों पर हैं, इसलिए पार्टी में उनके विरोधी यह तर्क दे रहे थे कि मंत्री पद का कार्यभार संभालने वाला व्यक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलकर उचित रूप से पार्टी प्रमुख का कर्तव्य नहीं निभा सकता है। हालांकि आलाकमान डीके शिवकुमार को इस पद से हटाने के मूड में नहीं है। क्योंकि डीके शिवकुमार ने विधानसभा चुनावों फिर लोकसभा चुनावों में पार्टी को जीत दिलाई थी और हालिया उपचुनावों में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा है। इसलिए पार्टी उनके योगदान को देखते हुए, उन्हें उस पद से हटाना नहीं चाह रही है।

## मुख्यमंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रामरथ (मोबाइल मेडिकल यूनिट) व 10 एम्बुलेन्स (108) का फ्लेग ऑफ करेंगे।

मुख्यमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य क्षय यूनिट को सम्मानित करते हुए टीबी चैंपियंस से संवाद भी करेंगे।

इस अवसर पर अधिकतम टीबी मुक्त ग्राम पंचायत वाले उत्कृष्ट जिलों तथा उत्कृष्ट कार्यों के लिए चिकित्सा विभाग के अधिकारिगणों/कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# चीन ने अमेरिका की नई मनमानी "टैरिफ" नीति के

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कवर नहीं थीं। अप्रैल 2023 में, डब्ल्यु.टी.ओ. विवाद पैनल ने भारत के खिलाफ निर्णय दिया। अनुपालन करने के बजाय, भारत ने अपील की- जिससे मामला प्रक्रिया संबंधी अनिश्चितता में चला गया, चूंकि अपीलीय निकाय में कोई सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं है, इसलिए यह निर्णय कानूनी रूप से निष्क्रिय बना हुआ है।

यह मामला वैश्विक व्यापार विवाद प्रणाली को प्रभावित करने वाली गहरी समस्या का प्रतीक है। देश अब भी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं और प्रारंभिक पैनल निर्णय जीत सकते हैं, लेकिन अपीलीय तंत्र के बिना, कोई बाध्यकारी समाधान नहीं होता।

हालांकि अमेरिका डब्ल्यू.टी.ओ. का सदस्य बना हुआ है और कुछ विवादों में भाग लेता है, लेकिन यह धीरे-धीरे अधिक चयनात्मक हो गया है। डब्ल्यू.टी.ओ. की कानूनी मशीनरी के प्रति अमेरिका का संदेह, विशेष रूप से चीन से जुड़े मामलों में, और मजबूत हो गया है। चूंकि रैसिप्रोकल टैरिफ प्रणाली को वॉशिंगटन के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के संप्रभु हथिकार के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, इसलिए इसके खिलाफ कोई भी डब्ल्यू.टी.ओ. निर्णय संभवतः स्वागत योग्य नहीं होगा- या यहाँ तक कि उसे मान्यता भी नहीं दी जाएगी।

चीन के लिए, डब्ल्यू.टी.ओ. में दायर की गई शिकायत कई लक्ष्य साधती है। कानूनी रूप से, यह एकतरफा, संरक्षणवादी उपायों को चुनौती देती है। राजनीतिक रूप से, यह चीन को वैश्विक व्यापार व्यवस्था के विखंडित होने के समय बहुपक्षीयता के रक्षक के रूप में प्रस्तुत करती है। यहां तक कि ऐसा निर्णय, जिसका पालन न हुआ हो तो भी उससे विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच चीन की विश्वसनीयता को मजबूत हो सकती है।

विस्तृत रूप से देखें तो यह मामला डब्ल्यू.टी.ओ. की प्रासंगिकता पर बहस को फिर से जागृत करता है। औपचारिक विवाद समाधान तंत्र प्रणाली में विश्वास के क्षीण होने के साथ, कई देश द्विपक्षीय या क्षेत्रीय व्यवस्थाओं की ओर बढ़ रहे हैं- या पूरी तरह से कानूनी चैनलों को बायपास कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति न केवल वैश्विक व्यापार शासन को खंडित करती है बल्कि समान अवसर के मूल विचार की भी कमज़ोर करती है।

अगर डब्ल्यू.टी.ओ. चीन के पक्ष में निर्णय देता है, तो तत्काल परिणाम प्रक्रिया संबंधी पंगुता के कारण निर्णय सीमित हो सकता है। यह डब्ल्यू.टी.ओ. में सुधार की तत्काल आवश्यकता को उजागर करता है, विशेष रूप सेइसके अपीलीय कार्य को बहाल करने के लिए और यह पुष्टि करता है कि बहुपक्षीय मंच अब भी महत्वपूर्ण हैं- भले ही वे विफल हो जाएं।

गठबंधनों और प्रतिद्वंदिताओं के बदलते युग में, वैश्विक व्यापार का भविष्य इस पर निर्भर हो सकता है कि क्या डब्ल्यू.टी.ओ. जैसी संस्थाओं को ठीक किया जा सकता है- या फिर क्या उनका अधिकार शून्य रहा जाएगा।

## किसान नेता डल्लेवाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कहा, आंदोलन जारी है। दोबारा शुरू नहीं करने जा रहे। अभी पता नहीं फ्यूचर में क्या होगा। किसी भी जत्थेबंदी के साथ कोई लड़ाई नहीं है। विचार का सवाल है। कुछ विचारों को लेकर हम एकजुट हैं। कुछ मुद्दों पर अलग-अलग हैं।

उन्होंने कहा आप सरकार ने सुप्रीमो को बचाने के लिए हम पर बहुत बड़ा हमला किया है। आंदोलन चल रहा है, चलता रहेगा और अंत तक जारी रहेगा।

गौरतलब है कि लगभग 28 किसान संगठनों/यूनियनों ने संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून व अन्य मांगों को लेकर फरवरी 2024 में नई दिल्ली कूच का आ ान किया था लेकिन हरियाणा सरकार के दिल्ली के रास्ते में पंजाब से लगती सीमाओं खनौरी व शंभू को सील किए जाने के कारण किसान दोनों सीमाओं पर धरने पर बैठ गए थे।

इस बीच डल्लेवाल ने 26 नवंबर से आमरण अनशन शुरू कर दिया था। डल्लेवाल के अनशन की गूंज उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय में भी सुनी गयी।

# स्टालिन ने प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का समय माँगा

## वे प्रस्तावित परिसीमन से जुड़ी तमिलनाडु की चिंताओं पर मोदी को ज्ञापन देना चाहते हैं

- **तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिल जनता की आशंकाओं को दूर करने के लिये प्रधानमंत्री को संसद से प्रस्ताव पारित कराना चाहिये।**

चेन्नई, 6 अप्रैल। तमिल में चल रहे भाषा एवं डीलिमिटेशन विवाद के बीच पीएम मोदी तमिलनाडु के दौरे पर हैं। यहां उन्होंने कई परियोजनाओं की शुरुआत भी की। हालांकि उनके कार्यक्रम में तमिलनाडु के सीएम, एम के स्टालिन शामिल नहीं हुए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को प्रस्तावित डीलिमिटेशन (परिसीमन) प्रक्रिया को लेकर राज्य के लोगों की आशंकाओं को दूर करना चाहिए। सीएम स्टालिन ने एक आधिकारिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि संसद में एक प्रस्ताव पारित किया जाए ताकि तमिलनाडु के अधिकारों पर अंकुश नहीं लगे।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने लोकप्रिय पर्यटन स्थल के लिए कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने और नई योजनाओं की घोषणा की। इसके बाद सभा को संबोधित करते हुए सीएम स्टालिन ने कहा कि उन्होंने प्रस्तावित डीलिमिटेशन से जुड़ी चिंताओं पर ज्ञापन सौंपने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगा है। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, "हमने परिसीमन पर ज्ञापन प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा है। चूंकि मैं इस सरकारी समारोह में भाग ले रहा हूं, इसलिए मैंने उन्हें उनकी सभा में भाग लेने में असमर्थता से अवगत करा दिया है। मैंने इस कार्य के लिए अपने मंत्रियों, टी थेन्नारसु और राजा कन्नप्पन को भेजा है। इस सभा के माध्यम से मैं प्रधानमंत्री से डीलिमिटेशन की आशंकाओं को दूर करने का अनुरोध करता हूं।"

सीएम स्टालिन ने कहा, "आपको (मोदी को) यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि इस संबंध में संसद में एक प्रस्ताव पारित हो। इससे (डीलिमिटेशन से) संसदीय सीट में कमी आएगी, इसलिए इसके बारे में पूछना हमारा अधिकार है। साथ ही यह हमारे भविष्य के लिए चिंता का विषय भी है।" उन्होंने कहा, "पुडुचेरी को मिलाकर यहां 40 संसदीय सीट होंगी। लेकिन (केंद्र में) सत्तारूढ़ भाजपा सरकार परिसीमन के जरिये हमारी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।" स्टालिन ने कहा कि निष्पक्ष परिसीमन पर संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक 22 मार्च को चेन्नई में आयोजित की गई थी जिसमें देशभर से मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख नेताओं ने भाग लिया था।

## राहुल गांधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे, उनका संघर्ष दिखे, उनका कष्ट दिखे।"

उन्होंने कहा," आप भी सफेद टी शर्ट पहन कर आइए, सवाल पूछिए, आवाज़ उठाइए -सरकार पर आपके अधिकारों के लिए दबाव बनाने के लिए उसे हटाने के लिए। यहां रजिस्टर कर सफेद टी-शर्ट आंदोलन से जुड़िए। आइए, हम मिलकर बिहार को अवसरों वाला राज्य बनाएं।"






**मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा**, आर.एन.आई. नं. 35214/79, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:**-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, **जालोर कार्यालय :**- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :**- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908